**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 350 लखनऊ, मंगलवार 06 अगस्त 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## जम्मू–कश्मीर से 370 हटाने के 5वीं वर्षगांठ पर बोले अमित शाह, जमीनी स्तर पर मजबूत हुआ लोकतंत्र

एजेंसी।



नई दिल्ली शाह ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को ऐतिहासिक रूप से हटाए जाने के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से वंचित वर्गों के लिए सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत हुई है और क्षेत्र में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे होने पर, शाह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक–आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयास एक शानदार प्रयास बन गए हैं।शाह ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को ऐतिहासिक रूप से हटाए जाने के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने आगे लिखा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक–आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के मोदी सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है।भाजपा नेता ने कहा कि हम इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मोदी को धन्यवाद देते हैं और क्षेत्र की आकांक्षाओं और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं।

## मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंच रहे सीएम योगी, विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार में विकास कार्यों एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन के अयोध्या दौरे पर मंगलवार को आ रहे हैं। सीएम छह व सात अगस्त को अयोध्या में रहेंगे। इस दौरान उनका अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से मंगलवार को रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे, जिसके बाद वह हनुमानगढ़ी एवं श्रीरामलला का दर्शन–पूजन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार में विकास कार्यों एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।सात अगस्त को मुख्यमंत्री सरयू अतिथि गृह से ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र दास महाराज की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उसके बाद दिगम्बर अखाड़ा में ब्रहमलीन परमहंस रामचन्द्र महाराज की मूर्ति का अनावरण एवं भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अयोध्या से अम्बेडकरनगर के लिए रवाना होंगे।

## कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

लखनऊ(आरएनएस) प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में आच्छादन के लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आच्छादन के आंकड़ों को प्रत्येक तीन दिन पर संकलित किया जाये। जिन फसलों की उत्पादकता राष्ट्रीय उत्पादकता से पीछे है, उन फसलों की कार्य–योजना बनाकर अगले 1 से 2 वर्षों के भीतर राष्ट्रीय स्तर की उत्पादकता प्राप्त की जाये।

कृषि भवन में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने योजना अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि दलहन एवं तिलहन तथा मक्का पर विशेष बल दिया जाये। रबी की बुवाई हेतु किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता कराने हेतु अभी से तैयारी कर ली जाये। चना, मसूर एवं मक्का के बीज जो अधिक उत्पादकता वाले हैं तथा प्रदेश के लिये उपयुक्त भी हैं, उन्हीं प्रजातियों की माँग कर बीज उपलब्ध कराया जाये। बाजरे की फसल को भी बढ़ावा दिया जाना है। इस हेतु अभी से कार्य प्रारम्भ कर दिया जाये। इस दौरान मंत्री द्वारा कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा अनुभाग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि आच्छादन के आंकड़ों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। साथ ही वर्षा के आंकड़ों का भी परीक्षण करें। डिजिटल कॉप सर्वे का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित की जाये। बाजरा, मक्का एवं तिल की उत्पादकता में गिरावट के कारणों पर एनॉलिसिस किया जाये। इस दौरान विभाग के सभी संबंधित योजना अधिकारी उपस्थित थे।

## विदेश मंत्री से मिले राहुल गांधी, कार्ति चिदंबरम बोले– हम भारत सरकार के साथ

एजेंसी।



नई दिल्ली कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम यह भी सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि बांग्लादेश से हमारी सीमाओं में आने वाले शरणार्थियों की कोई आमद न हो। सभी यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे हित सर्वोपरि हैं, राजनीतिक दल भारत सरकार के पीछे एकजुट होंगे। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के मानसून सत्र से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कहा कि हमें यह देखने को मिला कि वर्तमान स्थिति हमारी सीमा सुरक्षा को कैसे प्रभावित करने वाली है। यदि बांग्लादेश में कोई भारतीय नागरिक हैं तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी सुरक्षित हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम यह भी सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि बांग्लादेश से हमारी सीमाओं में आने वाले शरणार्थियों की कोई आमद न हो। सभी यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे हित सर्वोपरि हैं, राजनीतिक दल भारत सरकार के पीछे एकजुट होंगे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखना होगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार देश को मौजूदा स्थिति से अवगत कराये। बांग्लादेश में रहने वाले सभी भारतीय सुरक्षित रहें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। संसद भवन के कक्ष में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश में हुए हालात की जानकारी दी है। पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा की खबर है। भारत का स्टैंड पूरे मुद्दे पर क्या होगा। भारत रणनीतिक, राजनयिक और सैन्य तौर पर कैसे आगे बढ़ेगा। इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि अप्रोपिएशन बिल लोकसभा में पारित हुआ। उसके बाद पीएम मोदी संसद भवन के कमरे में गए। उनके पीछे पीछे विदेश मंत्री एस जयशंकर भी पहुंचे। जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि बांग्लादेश में जो हालात है। शेख हसीना का इस्तीफा हो गया। सेना द्वारा अंतरिम सरकार बनाई जाएगी।

## सरकार के खिलाफ विपक्ष का आक्रामण जारी, बीजेपी का विकसित भारत पर जोर

एजेंसी। नई दिल्ली नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के पांच साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह कदम देश के लोकतंत्र और जम्मू–कश्मीर के लिए ठीक नहीं था। विपक्ष और सत्तारूढ़ दलों के बीच एक सप्ताह तक चली गहन बहस के बाद, एजेंडे में कई प्रमुख विधेयकों के साथ संसद का बजट सत्र आज फिर से शुरू हुआ। लोकसभा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों को पारित किया। भूपेन्द्र यादव ने लोकसभा में मोरों की मौत पर सवाल का जवाब दिया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने बांग्लादेश के घटनाक्रम से जुड़ा विषय लोकसभा में उठाने की कोशिश की। तेलक्षेत्र विनियमन एवं विकास संशोधन विधेयक राज्यसभा में पेश किया गया। वहीं, आज विपक्ष ने सरकार पर गृह जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। शिवराज सिंह चौहान ने आज एक बार फिर से विपक्ष को आज खूब सुनायानेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के पांच साल पूरा होने के मौके पर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह कदम देश के लोकतंत्र और जम्मू–कश्मीर के लिए ठीक नहीं था। इस पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने प्रतिवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए यह कदम उठाया था। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जीडीपी का ढाई प्रतिशत बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रही है और उसने पिछले दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि की है।

## जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा- बांग्लादेश में हिंसा के बीच आप नेता संजय सिंह का पोस्ट

एजेंसी।

नई दिल्ली आप नेता संजय सिंह ने कहा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा। संजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा।प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद, शेख हसीना अपनी छोटी बहन शेख रेहाना के साथ सोमवार दोपहर बांग्लादेश से रवाना हुईं, बाद में अगरतला से दिल्ली पहुंचीं। वह वहां से लंदन, यूके जाने की योजना बना रही है। वहीं बांग्लादेश के हालात पर आम आदमी पार्टी की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा। संजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि जो तानाशाही करेगा उसे देश छोड़कर भागना पड़ेगा। संजय सिंह ने अपने इस पोस्ट में किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन उनका इशारा बीजेपी और केंद्र सरकार की तरफ माना जा रहा है। बांग्लादेश के हालात पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चेतावनी दी है। उन्होंने राज्य के मंत्रियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी को भी बांग्लादेश पर टिप्पणी नहीं करनी है। फेसबुक या अन्य नेट पर पोस्ट न करें। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने राज्य कैबिनेट की बैठक में बांग्लादेश को लेकर किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भड़काऊ टिप्पणी न करने का संदेश दिया है।




## तैयार हो जाइए, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का दावा, 1 करोड़ बांग्लादेशी हिंदू पश्चिम बंगाल आ रहे हैं

शुभेंदु अधिकारी विधानसभा से बाहर निकले और पत्रकारों से मुखातिब हुए। बांग्लादेश को लेकर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से एक करोड़ शरणार्थी पश्चिम बंगाल आएंगे। रंगपुर के पार्षद हराधन नायक की हत्या कर दी गई। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि हसीना के बयान के परिणामस्वरूप 1 करोड़ शरणार्थी बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल आएंगे। न सिर्फ भारत बल्कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए भी खतरनाक है। शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में अशांति को लेकर खुलकर बात की. बांग्लादेश में हिंदुओं की अंधाधुंध हत्याएं हो रही हैं। उन्हें भारत में शरण दी जाएगी। इसको लेकर उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से गुहार लगायी। शुभेंदु का अनुरोध है कि राज्य के मुख्यमंत्री इस मामले पर केंद्र सरकार से बात करें। शुभेंदु ने यह भी आशंका जताई कि अगर बांग्लादेश में ऐसी ही अशांति जारी रही तो शेख हसीना का देश जमात के हाथों में चला जाएगा।

## कैंसर की रोकथाम और इलाज मे रामबाण साबित हो सकता है पॉली हर्बल विधि

नईदिल्ली कैंसर की रोकथाम और इलाज को लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली और कैंसर इंस्टिट्यूट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान झज्झर, की रिसर्च जारी है। इसमें काफी हद तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को सफलता भी मिली है।इन्ही रिसर्च में एक विधि है "पॉली हर्बल" जिसका रिजल्ट भी अति सकारात्मक है। इसी पॉली हर्बल विधि के आधार कैंसर रोगियों को दर्द से राहत देने एवं सकारात्मक इलाज के लिए डॉ के.पी.सिन्हा, डॉ प्रभात श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने नगर पालिका परिषद अस्पताल टाँडा,रामपुर का निरीक्षण कर, पॉली हर्बल चिकित्सा इकाई स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इस संपूर्ण परियोजना को अस्पताल में स्थापित करने का संपूर्ण कार्य अस्पताल के प्रबंधक एवं निदेशक श्री शील शुक्ला के संपूर्ण देख रेख में हो रहा है। एम्स की कैंसर रोधी रिसर्च आधारित इस परियोजना के स्थापित किए जाने के प्रयास पर नगर पालिका परिषद टांडा के अधिशासी अधिकारी श्री पुनीत कुमार जी ने हर प्रकार के सहयोग आश्वासन देते हुए कहा कि टांडा की गरीब जनता का हित एवं कल्याण सर्वोपरि है। यदि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिसर्च में नामित पॉली हर्बल चिकित्सा तकनीक के आधार पर कैंसर के रोगियों को राहत मिल सके तो ये प्रसन्नता की बात है।











## गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ शेख हसीना का विमान, राजनीतिक शरण के अनुरोध को ब्रिटेन ने ठुकराया

एजेंसी।

गाजियाबाद मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में रहने के बाद लंदन के लिए उड़ान भरेगी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि सैन्य परिवहन विमान उसे भारत से आगे ले जाएगा या वह एक अलग विमान से लंदन जाएगी। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सी–130 परिवहन विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर उतरीं। विमान को भारतीय वायु सेना के ब–17 और ब–130श्र सुपर हरक्यूलिस विमान हैंगर के पास पार्क किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान के भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश से लेकर गाजियाबाद में लैंडिंग तक विमान की गतिविधियों पर भारतीय वायु सेना द्वारा नजर रखी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में रहने के बाद लंदन के लिए उड़ान भरेगी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि सैन्य परिवहन विमान उसे भारत से आगे ले जाएगा या वह एक अलग विमान से लंदन जाएगी। हालांकि ब्रिटेन ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के राजनीतिक शरण के अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार शेख हसीना कुछ दिनों तक भारत में रुकेंगी। खबरों के मुताबिक वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शेख हसीना की अगवानी की। भारत ने ढाका के अनुरोध के बाद हसीना के विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से सुरक्षित मार्ग प्रदान करने का निर्णय लिया। नई दिल्ली ने ढाका के घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. हालाँकि, सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इससे पहले, बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार–उज–जमान ने पुष्टि की थी कि शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और एक अंतरिम सरकार बनेगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया, जिससे उनका 15 साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। उनके इस्तीफे के बाद कई सप्ताह तक सरकार विरोधी हिंसा हुई, जिसमें 300 से अधिक मौतें हुईं।76 वर्षीय हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना ष्सुरक्षित आश्रयष में भाग गई हैं, हजारों प्रदर्शनकारियों ने ढाका में उनके आधिकारिक आवास, गणभवन पर धावा बोल दिया। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर–उज–जमान ने घोषणा की कि एक अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी।

# संपादकीय

## एनडीए और इण्डिया गठबंधन--दोनों को चेतावनी

यह दुर्भाग्य है कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में दो प्रमुख पक्ष ——इण्डिया गठबंधन और एन.डी.ए. मतदाताओं का मन्तव्य नहीं समझ रहे हैं । जनता ने भाजपा को नकारा नहीं है, उन्हें बहुमत के करीब पहुंचा कर उन्हें फिर से सरकार बनाने का न्योता दिया है । परन्तु जनता ने बिखरे हुए इण्डिया गठबंधन को भी ताकत दी है ।

पिछले दिनों नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वाक आउट किया, यह कहकर कि जब वे बोल रही थीं तो उनका माइक बंद कर दिया गया । अब इसके उत्तर में तुरंत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता जी को उनके अनुरोध पर लंच से बोलने का मौका दिया गया और सभी मुख्यमंत्रियों को बोलने का समय निर्धारित था । अब ममता स्वयं एक पार्टिसिपेंट थीं वित्त मंत्री की हैसियत से । वे आयोग की अधिकारी नहीं हैं । आयोग को ही स्पष्टीकरण देना चाहिए ।

असल में मोदी जी के आने के बाद योजना आयोग (प्लैनिंग कमीशन) को भंग कर दिया गया । भाजपा सुभाष बोस का गुणगान करती है । स्वयं बोस ने कहा था कि आजादी के बाद प्लानिंग कमीशन बनना चाहिए जिसके अध्यक्ष नेहरू होंगे । अब नीति का अर्थ है—— श्नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रान्सफॉर्मिंग इण्डियाश । अब इसमें आयोग शब्द कहां से आ गया । और आयोग से सरकार को इतना ही प्यार था तो योजना आयोग को भंग ही क्यों किया गया । आज आप सरकार की नीति पर कोई टिप्पणी करें तो आप देशद्रोही हैं । हमारे शास्त्रोंमें नेति, नेति का उल्लेख है अर्थात् हम नकारते हुए सत्य तक पहुंचते हैं ।

योजना आयोग और नीति का उद्देश्य देश में संतुलित विकास है ताकि सभी राज्य तरक्की कर सकें । अब बजट में जो पिटारा बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खोला गया है, वह तो स्पष्ट रूप से एन.डी.ए. को साधना ही है । इसमें कोई बुराई भी नहीं है क्योंकि सरकार की स्थिरता देश के लिए परम आवश्यक है ।

असल में भाजपा अपने शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से तो मंत्रणा होती ही रहती है । असल में भाजपा राज्यों में अधोसंरचना का विकास केन्द्र की सहमति से ही तय होता है । अतरू अच्छा हो कि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं और उनसे प्रधानमंत्री की मंत्रणा नहीं होती उन्हें बोलने का अधिक समय दिया जाये । वैसे भी विपक्ष की ओर से केवल ममता बनर्जी ही नीति आयोग की बैठक में उपस्थित थीं । पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, झारखण्ड, मिजोरम के मुख्यमंत्री आए ही नहीं । तो ममता बनर्जी को नियम का हवाला देकर उन्हें पूरा बोलने न देना, नीति (आयोग) के उद्देश्य के विपरीत है । सन् 1973 में जब इन्दिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव की घोषणा की तब सारी इंटेलिजेंस रिपोर्ट कहती थीं कि इन्दिरा बहुमत से जीतेगी, परन्तु वे उत्तर प्रदेश की 85 सीटें हार गईं । जनता पार्टी की सरकार में जनसंघ भी साझीदार था । चौधरी चरण सिंह के कारण या आपसी द्वेष के कारण सरकार गिरी तो इसके लिए आज की भाजपा भी जिम्मेदार है । देश के सामने आंतरिक सुरक्षा और नक्सलवाद बड़ी चुनौती है । अब जम्मू भी सेफ नहीं है । कश्मीर तो आर्मी के सहारे चल रहा है । आज जनता गुड गवर्नेंस चाहती है । यह तभी संभव है जब पक्ष और विपक्ष में साझेदारी हो । 18वीं लोकसभा के शुरुआती दिनों से मालूम होता है कि पक्ष और विपक्ष झूला झूल रहा है । इसे अंग्रेजी में शटिव्डलिगंश कहते हैं । अगर अगले पांच साल तक यही हलात रहे तो अगले चुनाव में श्नोटाश को जीतने वाले की अपेक्षा ज्यादा वोट मिलेंगे । यह पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए लाल बत्ती है ।

## नए एक्सटेंशन वाली दिशा में आगे बढ़ते मोहन यादव

किसी अच्छे काम को आगे ले जाना समझदारी है। वैसे भी मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री भले ही बदले हों लेकिन सरकार में वहीं राजनीतिक दल है जिसकी प्रदेश में जड़े बहुत गहरी जम चुकी हैं। इसलिए ऐसे में किसी काम को सिरा पकड़कर सिरे से नया तथा उल्लेखनीय रूप देना उस समझदारी में चार चांद लगाने जैसा है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने हाल ही में इस तरह की नीति और नीयत, दोनों का एक बार फिर ठोस तरीके से परिचय दिया है।

प्रदेश में उज्ज्वला योजना का लाभ पा रही 46 लाख लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखी जा रही है। इस साल अगस्त में तो सभी लाड़ली बहनों को राखी के उपहार के तौर पर ढाई सौ रूपए के शगुन का लाभ भी बरकरार रखा गया है। इस बात में कोई संशय नहीं कि डा. यादव के पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान ने अपने समय में श महिला कल्याण से संभावनाओं के निर्माणत्र वाला अद्भुत फामूर्ला लागू कर जबरदस्त तरीके से भाजपा को सियासी लाभ दिलाया था। चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी से लेकर लाड़ली बहना योजना तक के सफर में अनेक ऐसे पड़ाव स्थापित किए, जिनसे भाजपा को तगड़ा राजनीतिक माइलेज मिला।

यही वजह रही कि जब राज्य में डा. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने, तब मुख्य विपक्ष कांग्रेस ने सरकार पर यह कहकर ताबड़तोड़ प्रहार किए कि लाड़ली बहना योजना अब बंद की जा रही है। जाहिर है कि कांग्रेस भी इस बात को भांप चुकी थी कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को कमजोर करना है, तो उसके महिलाओं से जुड़े कार्यक्रमों और लगभग भाजपा का वोट बैंक बन चुकी महिलाओं के लाभ की योजनाओं को ही टारगेट करना होगा। इस दल ने विधानसभा चुनाव से पहले भी महिलाओं को सम्मान निधि और सस्ते सिलेंडर देने की बात कहकर शिवराज की योजनाओं को काउंटर करने का प्रयास किया था। कांग्रेस दोनों ही अवसरों पर असफल रही। खासतौर से लोकसभा चुनाव में ऐसा होने की प्रमुख वजह यह कि डा. मोहन यादव ने इस दिशा में टस से मस हुए बगैर श्जस की तस धर दीनी चदरियात्र से भी एक कदम आगे जाकर शिवराज के कार्यक्रमों को गति और प्रगति प्रदान की।

लाड़ली बहना योजना तो बदस्तूर जारी है, डा. मोहन यादव ने शुरू में बताए गए और भी महिला–हितैषी निर्णयों के माध्यम से इस दिशा में नए काम शुरू कर दिए हैं। यह एक तरह से वह एक्सटेंशन भी है, जो किसी श्चले आ रहेत्र को श्चलते ही जाना हैत्र वाला नवाचार भी प्रदान करता है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। जब सरकार यह बात लागू करती है कि वह गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी जांच की सुविधा देगी, तो यह शिवराज की जननी सुरक्षा योजना का एक ठोस तथा निर्णायक एक्सटेंशन ही कहा जाएगा।

मामला निश्चित ही सियासी मुनाफे वाला है। वर्ष 2003 में उमा भारती ने प्रदेश के घरों के भीतर तक जाकर राजनीतिक मुद्दों को हवा दी। घरों में बिजली की कमी और सड़कों पर गड्ढों के ऐसे विषय प्रमुखता से उठाए, जो सीधे परिवार से जुड़ी समस्याओं को छूते हैं। दिग्विजय सिंह चुनावी मैनेजमेंट की थ्योरी में मगन रहे और उमा ने अपने ऐसे मुद्दों के जरिए श्कहानी घर–घर कीत्र वाली शैली में प्रदेश की जनता के दर्द को सीधे भुना लिया।

# गहलोत की पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त...!



वैसे, असल में लोकसभा चुनाव के बाद से, राजस्थान में गहलोत और पायलट दोनों अपेक्षाकृत शांत शांत से हैं। जनता में यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत जब सक्रिय होते हैं तो प्रदेश में कांग्रेस और देश में राजस्थान दोनों को चर्चा में रखे रहते हैं। राजनीति में वैसे तो चर्चाओं का कोई खास मोल नहीं होता। क्योंकि चालाक लोगों द्वारा चर्चाएं चलाई ही इसलिए जाती हैं कि चर्चित व्यक्ति को चकित करने के चौबारे तलाशे जा सकें। उसकी राह में कांटे बिछाए जा सके और फिर तकदीर के तिराहे से सीधे सियासत की संकरी अंधेरी गलियों में आसानी से धकेल दिया जाए। लेकिन व्यक्तित्व अगर विराट हो, कद औरों के मुकाबले कई गुना ज्यादा ऊंचा हो और सियासत के सभी पहलुओं में प्रतिभा अगर प्रामाणिक हो, तो उसके बारे में सुनी सुनाई पर भी लोग भरोसा करने लग जाते हैं। अशोक गहलोत इसीलिए इन दिनों कुछ ज्यादा ही चर्चा में हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के बारे में कहा जाता है कि वे जब कुछ नहीं कर रहे होते हैं, असल में तभी वे बहुत कुछ कर रहे होते हैं। क्योंकि गहलोत जानते हैं कि शांतिकाल ही क्रांतिकाल से निपटने की तैयारियों का असली वक्त होता है। इन दिनों भी वे सियासत के समंदर में भविष्य उठने वाली लहरों की लपलपाहट को नाप रहे हैं, और जान रहे हैं कि लहरें कितनी भी लपलपाती रहे, उनकी नियति तो आखिर समंदर में समाना ही है। राजनीति के गलियारों में सवाल हैं कि राजस्थान में बीजेपी और कांग्रेस दोनों की राजनीति में सचिन पायलट की सियासी सक्रियता के कम होने के मायने क्या है? और पायलट समर्थक बहुत छोटे से नेता अभिमन्यू पूनिया और गहलोत की राजनीतिक पौधशाला में पुष्पित पल्लवित हरीश चौधरी आखिर बेनामी हमले किस की शह पर कर रहे हैं। खिलाड़ीलाल बैरवा जैसे जनाधार विहीन लोगों की बकवास को किसकी शह है, यह भी जानना जरूरी है। वह भी ऐसे वक्त में, जब पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाए जा सकने की चर्चाएं है। क्योंकि, मल्लिकार्जुन खड़गे तो खैर बहुत बाद में, राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पिक्चर में आए, लेकिन कांग्रेस में गांधी परिवार के बाद निर्विवाद रूप से गहलोत ही सबसे अनुभवी और विपक्षियों में सबके साथ संबंध निभाने वाले विश्वसनीय नेता माने जाते हैं। राजनीतिक विश्लेषक अरविंद चोटिया कहते हैं कि राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, और हाल ही में नियुक्त उप नेता रामकेश मीणा व मुख्य सचेतक रफीक खान सभी तो गहलोत समर्थक ही हैं। मतलब, गहलोत राजनीतिक रूप से आलाकमान के सबसे करीब हैं। गहलोत 'आखरी सांस तक राजस्थान की सेवा' करने की बात कहते रहे हैं। मगर, उनकी टक्कर में आने के लिए यही बात सचिन पायलट भी तो कह चुके हैं कि वे किसी पद पर रहें या न रहें, अंतिम सांस तक राजस्थान की जनता की सेवा करते रहेंगे। राजस्थान में इन दो ताकतवर नेताओं के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी अपनी ताकत के तेवर दिखाते रहे हैं। उनके कार्यकाल में लोकसभा चुनाव में राजस्थान में कांग्रेस की ताकत जबरदस्त बढ़ी है और उस दौर में गहलोत पूरे चुनाव राजस्थान में ही जमे रहे। डोटासरा और गहलोत पार्टी जीत सकने वालों को हर हाल में जिताने की जुगत में जुटे रहे। मगर पायलट भले ही राजस्थान की सेवा का वादा करें, लेकिन मजबूरी है कि वे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी हैं, पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव भी हैं और सात प्रदेशों में हुए उप चुनावों में कांग्रेस की जीत पर बयान देने के साथ ही, कश्मीर में आतंकी हमलों जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार रखकर राजनीति के राष्ट्रीय फलक पर अपनी छवि निखारते दिखते हैं। वैसे, असल में लोकसभा चुनाव के बाद से, राजस्थान में गहलोत और पायलट दोनों अपेक्षाकृत शांत शांत से हैं। जनता में यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत जब सक्रिय होते हैं तो प्रदेश में कांग्रेस और देश में राजस्थान दोनों को चर्चा में रखे रहते हैं। गहलोत के पास मुद्दे हैं, आधार है, विचार हैं, विश्वास हैं और इससे भी इतर, बहुत बड़ा उनका राजनीतिक कद है। फिर भी गहलोत इन दिनों शांत हैं। इसीलिए, कांग्रेस भी किसी लपलपाती लहरों वाले महासागर सी होने के बावजूद एकदम शांत – प्रशांत। वरिष्ठ पत्रकार अवधेश पारीक कहते हैं कि गहलोत की सक्रियता न होने से राजस्थान में कांग्रेस लगभग दिशाहीन सी लग रही है। गहलोत के स्वास्थ्य लाभ के इस दौर में इन दिनों एक पॉलिटिकल वैक्यूम बना है, मगर उनके फिर से सीन में आते ही वे राजनीतिक विश्लेषकों को कुछ खास मसाला देंगे। पारीक कहते हैं कि गहलोत की सक्रियता पूरी कांग्रेस को एक तरह से सक्रिय कर देती है। राजस्थान में बीजेपी लगातार दो आम चुनाव से सभी 25 सीटें जीत रही थी, मगर कांग्रेस ने अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में इस बार के आम चुनाव में अपनी जबरदस्त ताकत दिखाई। गहलोत की अपनी कसी हुई चुनावी रणनीति को कार्यान्वित करने की पहल, उम्मीदवारों की अदलाबदली सहित गठबंधन की कूटनीति, और अपनी सरकार के वक्त की योजनाओं के माहौल के जरिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को साथ लेकर दिखाए गए गहलोत के राजनीतिक कमाल ने बीजेपी को पस्त कर दिया। हालांकि, गहलोत के बेटे वैभव गहलोत जालोर से चुनाव हार गए, लेकिन कांग्रेस ने लोकसभा की 11 सीटें बीजेपी से झटक लीं। गहलोत और टडोटासरा का यह वो कतमाल था, जो सचिन पायलट दो आम चुनाव में भी नहीं दिखा सके। पायलट के 7 साल लंबे प्रदेश कांग्रेस अक्ष्यक्ष के कार्यकाल में दोनों बार आम चुनाव में कांग्रेस को सभी 25 लोकसभा सीटों पर बहुत बुरी हार का मुंह देखना पड़ा। यहां तक कि पायलट खुद भी अजमेर से चुनाव हार गए थे। राजस्थान में कांग्रेस और कांग्रेसियों में कोई बहुत हलचल नहीं है, अकेले डोटासरा ही बीजेपी पर जुबानी हमले कर रहे हैं और गहलोत इन दिनों स्लिप डिस्क की वजह से पूरी तरह से बेड रेस्ट पर हैं। दरअसल, स्लिप डिस्क कमर की वह तकलीफ है, जो किसी को जब जकड़ती है, तो व्यक्ति को उस हद तक परेशान कर देती है कि उसका चलना, फिरना उठना और बैठना तो दूर की बात, करवट बदलना भी बहुत मुश्किल हो जाता है। और लंबे समय तक आराम ही उससे निजात दिला सकता है। गहलोत उसी तकलीफ से निकलने की राह में बेड रेस्ट पर हैं। कुछ बड़े नेता और निजी लोग भले ही जरूरी काम से उनसे मिल लें, मगर आमजन में गहलोत का मूवमेंट और मिलना दृ जुलना लगभग बंद सा है। इसी वजह से राजस्थान में कांग्रेस कुछ ठहरी ठहरी सी है। 29 अप्रैल को गहलोत चुनाव प्रचार के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे और वहीं से स्लिप डिस्क का यह जो मामला चला, तो अब तक चल ही रहा है। उधर, मरते दम तक राजस्थान की सेवा के प्रण का पराक्रम दिखाने वाले सचिन पायलट राजस्थान के अलावा सभी मुद्दों पर बोल रहे है और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने बयानों के जरिए देश का नेता बनने की जुगत में जुटे लग रहे हैं। मूर्ति के अनावरण और एकाध प्रेस कॉन्फ्रेंस व किसी के शपथ ग्रहण समारोह को छोड़ दें,

# पाकिस्तान में हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा



पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढ़कर 38 लाख तक पहुंच गई।

समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सड़क, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं। पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुतहिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हजार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1.73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्बा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिन्दू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट और कोई डालता है।

पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनते हैं लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दो साल पहले वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला– मौलवियों के विरोध के चलते वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को ाब अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिन्दू लड़कियों के अपरहण के मामले दर्ज किए गए, कहने की जरूरत नहीं कि वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं। चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिन्दू मजदुर हैं, और वह भी तीन–तीन पीढियों से लगभग बंधुआ मजदुर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। कराची शहर में हिन्दू आबादी डॉक्टर जैसे पेशे में सर्वाधिक है, तो सब्जी बेचने वाले भी अधिकांश हिन्दू हैं।

पाकिस्तान का शिक्षा तंत्र सबसे जहरीला है, स्कूली किताबों में हिन्दुओं को खलनायक बताया जाता है और आजादी की लड़ाई में मुस्लिम लीग और कांग्रेस की भूमिका को हिन्दू–मुस्लिम टकराव, वहां की किताबों में देश के हिन्दुओं की वफादारी को भारत के साथ जोड़ा जाता है, वहां किसी भी किताब में किसी हिन्दू चरित्र की तारीफ की ही नहीं जाती। पाकिस्तान के संविधान के आर्टकिल 20–22 में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख था लेकिन जुलाई, 1977 में जिया उल हक ने देश में माशर्ल लॉ घोषित किया और संविधान में बदलाव कर गैर–मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता पर कई पाबंदियां लगा दीं, पाकिस्तान में राष्ट्रपति मुस्लिम ही बन सकता है और सभी उच्च पदों पर मुस्लिम आयतों के साथ शपथ लेना अनिवार्य है। इसके कारण वहां हिन्दुओं को सदैव दोयम माना जाता है।

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्यवाही नहीं होती। हिन्दू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है–मोईन जोद्रो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान बनते समय मुहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी लेकिन अब पाकिस्तान शजिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तानत्र में तब्दील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिन्दू आबादी को उठा पड़ रहा है। जनगणना के त्रुटिपूर्ण आंकड़े एक तरफ धर्मातरण के पाप को ढंकने के काम आते हैं, तो दूसरी तरफ जिस आबादी का रिकार्ड नहीं उसके लिए मूलभूत सुविधाओं की चिंता करने की जरूरत नहीं रह जाती। भारत में नागरिकता कानून आने के बाद वहां से पलायन तेजी से हुआ है और शायद वहां की सरकार चाहती भी यही है लेकिन यह अनिवार्य है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान में हिन्दू धर्म और उससे जुड़े चिह्नों को सहेजने, हिन्दू आबादी को शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाए।

## आज का राशिफल

मेष राशि

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग है। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा।

वृष राशि

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख–शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

मिथुन राशि

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी।

कर्क राशि

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे।

सिंह राशि

आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीको में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं।

कन्या राशि

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी।

तुला राशि

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई उपलब्धि भी मिल सकती है।

वृश्चिक राशि

आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

धनु राशि

आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे।

मकर राशि

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है।

कुंभ राशि

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा।

मीन राशि

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा मे अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

# हिंसक प्रदर्शन से शेख हसीना के इस्तीफे तक, पिछले एक महीने में बांग्लादेश में क्या-क्या हुआ ?

सेना ने अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था और अधिकारियों ने रोकथाम के प्रयास में इंटरनेट का उपयोग बंद कर दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना भारत का रुख कर रही हैं।बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के रूप में जो शुरू हुआ वह प्रधान मंत्री शेख हसीना और उनकी सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के खिलाफ एक अभूतपूर्व चुनौती और विद्रोह में बदल गया है। सेना ने अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था और अधिकारियों ने रोकथाम के प्रयास में इंटरनेट का उपयोग बंद कर दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना भारत का रुख कर रही हैं। 100 से अदिक लोग मारे गए सरकार का कहना है कि पिछले महीने लगभग 150 लोग मारे गए, जबकि स्थानीय मीडिया ने बताया है कि 200 से अधिक लोग मारे गए। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग, कोटा प्रणाली को कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के कदम उठाने के बाद चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही थीं। लेकिन इसके बजाय, विरोध प्रदर्शनों का विस्तार जारी रहा है, जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों से लोग शामिल हो रहे हैं और मुख्य विपक्षी दलों से समर्थन प्राप्त हो रहा है। सप्ताहांत में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की एक नई लहर चली और हिंसक झड़पें फिर से शुरू हो गईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सबसे घातक दिन रविवार था, जब कम से कम 95 लोग मारे गए थे।क्यों हो रहा है प्रदर्शन प्रदर्शन उस कोटा प्रणाली के खिलाफ थे जो पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के परिवार के सदस्यों के लिए 30 प्रतिशत तक सरकारी नौकरियों को अलग कर देती थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह प्रणाली भेदभावपूर्ण थी और इससे प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के समर्थकों को फायदा हुआ, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया। हिंसा चरम पर पहुंची, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने फैसला सुनाया कि पूर्व सैनिकों का कोटा घटाकर 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए, साथ ही 93




प्रतिशत नौकरियां योग्यता के आधार पर आवंटित की जाएंगी। सरकार ने फैसला स्वीकार कर लिया और यह सोचकर इंटरनेट बहाल कर दिया कि स्थिति आसान हो जाएगी। लेकिन विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। छात्र समूहों का अब कहना है कि उनकी केवल एक ही मांग है। हसीना और उनके मंत्रिमंडल का इस्तीफा, जिन्हें वे हिंसा के लिए दोषी मानते हैं। सेना ने संभाला मोर्चा थल सेनाध्यक्ष जनरल वेकर-उज-जमान दोपहर राष्ट्र को संबोधित किया। सेना प्रमुख ने देशवासियों से धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया है। आप लोगों की मांग हम पूरी करेंगे और देश में शांति व्यवस्था लाएंगे। दया करके तोड़ फोड़ मारपीट आगजनी से दूर रहे। अगर आप लोग हमारे साथ मिलकर चलेंगे तो निश्चित रूप से हम सुदंर हालात िक ओर अग्रसर होंगे। मारपीट हिंसा से कुछ हासिल नहीं होंगा। कृपा करके अराजकता और संघर्ष से दूर रहे। हम लोग एक सुंदर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। हमने सभी नेताओं से बातचीत की है। सभी उपस्थित थे। हमने एक अच्छी बातचीत की है। हमें लगता है कि जो बातचीत हुई है वो सफल होगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन कर शासन होगा। सेना चीफ ने शांति बनाए रखने की अपील की है। लोग मारे जा रहे हैं। इन सब से दूर रहकर मेरी सहायता करे। मुझे दायित्व दीजिए मैं सब संभाल लूंगा।

# अगरतला में लैंड हुआ शेख हसीना का हेलीकाप्टर ? बहन के साथ पहुंची भारत

सूत्र ने एएफपी को बताया कि वह अपने पद छोड़ने की मांग को लेकर हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों से भाग गई थीं। बांग्लादेश के चौनल 24 ने राजधानी में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में भीड़ की तस्वीरें प्रसारित कीं, जो जश्न मनाते हुए कैमरे की ओर हाथ हिला रही थीं।पांच दशक से भी अधिक समय पहले दक्षिण एशियाई राष्ट्र के जन्म के बाद से कुछ सबसे खराब हिंसा में अधिक लोग मारे गए थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना भारत का रुख कर रही हैं। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के अनुसार, उनके हेलीकॉप्टर के अगरतला में उतरने की संभावना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हिंसक विरोध प्रदर्शन के कारण सुरक्षा चिंताओं के बीच पीएम शेख हसीना देश छोड़कर भाग गई हैं। हजारों बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में प्रधान मंत्री शेख हसीना के महल पर धावा बोल दिया, जब एक सूत्र ने एएफपी को बताया कि वह अपने पद छोड़ने की मांग को लेकर हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों से भाग गई थीं। बांग्लादेश के चौनल 24 ने राजधानी में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में भीड़ की तस्वीरें प्रसारित कीं, जो जश्न मनाते हुए कैमरे की ओर हाथ हिला रही थीं। थल सेनाध्यक्ष जनरल वेकर-उज-जमान दोपहर राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग एक सुंदर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। हमने सभी नेताओं से बातचीत की है। सभी उपस्थित थे। हमने एक अच्छी बातचीत की है। हमें लगता है कि जो बातचीत हुई है वो सफल होगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन कर शासन होगा। सेना चीफ ने शांति बनाए रखने की अपील की है। लोग मारे जा रहे हैं। इन सब से दूर रहकर मेरी सहायता करे। मुझे दायित्व दीजिए मैं सब संभाल लूंगा।

गौरतलब है कि अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया तथा फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे को लेकर हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं। बांग्ला के प्रमुख समाचार पत्र 'प्रोथोम आलो' ने बताया कि रविवार को हुई झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 101 लोगों की मौत हो गयी। हिंसा के कारण प्राधिकारियों को मोबाइल इंटरनेट बंद करना पड़ा और पूरे देश में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू करना पड़ा।

# अगरतला में लैंड हुआ शेख हसीना का हेलीकाप्टर ? बहन के साथ पहुंची भारत

सूत्र ने एएफपी को बताया कि वह अपने पद छोड़ने की मांग को लेकर हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों से भाग गई थीं। बांग्लादेश के चौनल 24 ने राजधानी में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में भीड़ की तस्वीरें प्रसारित कीं, जो जश्न मनाते हुए कैमरे की ओर हाथ हिला रही थीं।पांच दशक से भी अधिक समय पहले दक्षिण एशियाई राष्ट्र के जन्म के बाद से कुछ सबसे खराब हिंसा में अधिक लोग मारे गए थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना भारत का रुख कर रही हैं। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के अनुसार, उनके हेलीकॉप्टर के अगरतला में उतरने की संभावना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हिंसक विरोध प्रदर्शन के कारण सुरक्षा




चिंताओं के बीच पीएम शेख हसीना देश छोड़कर भाग गई हैं। हजारों बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में प्रधान मंत्री शेख हसीना के महल पर धावा बोल दिया, जब एक सूत्र ने एएफपी को बताया कि वह अपने पद छोड़ने की मांग को लेकर हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों से भाग गई थीं। बांग्लादेश के चौनल 24 ने राजधानी में प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास में भीड़ की तस्वीरें प्रसारित कीं, जो जश्न मनाते हुए कैमरे की ओर हाथ हिला रही थीं। थल सेनाध्यक्ष जनरल वेकर-उज-जमान दोपहर राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग एक सुंदर भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। हमने सभी नेताओं से बातचीत की है। सभी उपस्थित थे। हमने एक अच्छी बातचीत की है। हमें लगता है कि जो बातचीत हुई है वो सफल होगी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन कर शासन होगा। सेना चीफ ने शांति बनाए रखने की अपील की है। लोग मारे जा रहे हैं। इन सब से दूर रहकर मेरी सहायता करे। मुझे दायित्व दीजिए मैं सब संभाल लूंगा। गौरतलब है कि अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया तथा फिर दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे को लेकर हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं। बांग्ला के प्रमुख समाचार पत्र 'प्रोथोम आलो' ने बताया कि रविवार को

हुई झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 101 लोगों की मौत हो गयी। हिंसा के कारण प्राधिकारियों को मोबाइल इंटरनेट बंद करना पड़ा और पूरे देश में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू करना पड़ा।

# अगर भाई के घर में आग लगी है...नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस ने भारत से क्या अपील कर दी ?

मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अगर बांग्लादेश में अशांति हो रही है, जहां 17 करोड़ लोग संघर्ष में हैं, सरकारी बलों द्वारा युवाओं को मार दिया जा रहा है और कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, तो यह स्पष्ट है कि स्थिति बांग्लादेश की सीमाओं के भीतर सीमित नहीं रहेगी और पड़ोसी देशों को भी प्रभावित करेगी। यूनुस को उनके माइक्रोफाइनेंस कार्य और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए जाना जाता है।बांग्लादेशी अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर भारत की प्रतिक्रिया पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि अशांति पड़ोसी देशों तक फैल सकती है। यूनुस ने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि जब भारत कहता है कि यह आंतरिक मामला है, तो मुझे दुख



होता है। अगर भाई के घर में आग लगी है, तो मैं कैसे कह सकता हूं कि यह आंतरिक मामला है? कूटनीति में यह कहने की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध शब्दावली है कि यह उनका आंतरिक मामला है। पिछले महीने, भारत ने बांग्लादेश में सरकारी नौकरी कोटा के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने नियमित मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम इसे बांग्लादेश के आंतरिक मामले के रूप में देखते हैं।मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अगर बांग्लादेश में अशांति हो रही है, जहां 17 करोड़ लोग संघर्ष में हैं, सरकारी बलों द्वारा युवाओं को मार दिया जा रहा है और कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, तो यह स्पष्ट है कि स्थिति बांग्लादेश की सीमाओं के भीतर सीमित नहीं रहेगी और पड़ोसी देशों को भी प्रभावित करेगी। यूनुस को उनके माइक्रोफाइनेंस कार्य और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए जाना जाता है। हालाँकि, उन्हें प्रधान मंत्री शेख हसीना के विरोध का सामना करना पड़ा है। उन्हें हाल ही में भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया गया था, जिसके बारे में उनके समर्थकों का कहना है कि यह राजनीति से प्रेरित है।बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन समाचारपत्र श्डेली स्टारश के अनुसार, रविवार को बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी (बीएसएमएमयू) में अज्ञात लोगों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। खबर के अनुसार, लाठी-डंडे लिए लोगों को अस्पताल परिसर में निजी कार, ऐम्बुलेंस, बाइक और बसों में तोड़फोड़ करते देखा गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, डॉक्टरों और अन्य कर्मियों में भय पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों ने हसीना के वार्ता के निमंत्रण को खारिज कर दिया और सरकार के इस्तीफे की मांग की है।

# बांग्लादेश में हिंसा की झड़पों में 100 लोगों की मौत, डम। ने भारतीयों से सावधानी बरतने को कहा गया, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

बांग्लादेश पुलिस के अनुसार, झड़पों के दौरान देश भर में कुल 14 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी ने बताया कि उनमें से 13 सिराजगंज के इनायतपुर पुलिस स्टेशन में मारे गए, और एक कोमिला के इलियटगंज में मारा गया। इस बीच, 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बांग्लादेश में हिंसा की नई लहर के कारण 14 पुलिस अधिकारियों सहित कम से कम 100 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों में सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों के बीच रविवार सुबह झड़पें हुईं। टकराव की तीव्रता ने अधिकारियों को मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को काटने और अनिश्चित काल के लिए राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगाने सहित कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर किया है। केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक बांग्लादेश की यात्रा न करने की ष्दृढ़ता से सलाहष दी है और बांग्लादेश में भारतीय अधिकारियों ने नागरिकों से अस्थिर स्थिति को देखते हुए ष्सतर्क रहनेष को कहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान, पुलिस और छात्रों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें सुरक्षा बलों ने हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और स्टन ग्रेनेड



दागे।बांग्लादेश में ताजा हिंसा के मद्देनजर, विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को एक सलाह जारी की, जिसमें उन्हें ष्अत्यधिक सावधानीष बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित करने के लिए कहा गया। इसने अपने नागरिकों से अगले आदेश तक बांग्लादेश की यात्रा न करने को भी कहा है। बांग्लादेश पुलिस के अनुसार, झड़पों के दौरान देश भर में कुल 14 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि उनमें से 13 सिराजगंज के इनायतपुर पुलिस स्टेशन में मारे गए, और एक कोमिला के इलियटगंज में मारा गया। इस बीच, 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।बढ़ती हिंसा के बीच, बांग्लादेश रेलवे ने सभी सेवाओं को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि देश में कपड़ा कारखानों को भी अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि बांग्लादेश के प्रदर्शनकारियों ने आम जनता से आज ष्ढाका तक लांग मार्चष में शामिल होने को कहा है। स्थानीय मीडिया आउटलेट ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, बांग्लादेश प्रशासन ने आज से तीन दिवसीय सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।रविवार को हुए विरोध प्रदर्शनों में अज्ञात लोगों और दक्षिणपंथी इस्लामी शासनतंत्र आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिन्होंने कई प्रमुख राजमार्गों और राजधानी शहर के भीतर बैरिकेड्स लगाए, पीटीआई ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया।प्रदर्शनकारियों को ष्आतंकवादीष कहते हुए, प्रधान मंत्री शेख हसीना ने लोगों से विरोध के नाम पर देश भर में ष्तोड़फोड़ष करने वालों को दबाने के लिए कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने झड़पों की आलोचना की और कहा कि बांग्लादेश में ष्चौंकाने वाली हिंसाष को समाप्त किया जाना चाहिए।भारत ने अपने नागरिकों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दीबांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों को अगले आदेश तक बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय (डम।) ने भी बांग्लादेश में रह रहे अपने नागरिकों को अत्यधिक सतर्क रहने और अपनी गतिविधियों को सीमित रखने की सख्त चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ष्चल रहे घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक बांग्लादेश की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है।ष केंद्र सरकार ने कहा, ष्बांग्लादेश में वर्तमान में सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को सीमित करने और ढाका में भारतीय उच्चायोग के साथ उनके आपातकालीन फोन नंबरोंरू 8801958383679, 8801958383680 और 8801937400591 के माध्यम से संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

# कैसे जल उठा ब्रिटेन, फूंक डाले गए 9 शहर, एक्शन में आए प्रधानमंत्री स्टार्मर

साउथपोर्ट की पुलिस इस मामले में 17 साल के हमलावर को गिरफ्तार कर चुकी है। हमलावर के पास से चाकू भी बरामद किया गया। इस हमले को लोग ब्रिटेन में बढ़ते कट्टरपंथ का परिणाम बता रहे हैं। इस घटना को आतंकवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस के मुताबिक इस घटना के पीछे कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है।ब्रिटेन की सड़कों पर भीड़ का आक्रोश, पुलिस स्टेशन में आगजनी। गाड़ी को पलटकर आग के हवाले किया। हंगामे और बवाल की तस्वीरें ब्रिटेन के संडरलैंड से आई। जहां सड़कों पर उतरकर लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। गुस्से की आग ऐसी है कि सुरक्षाबलों को हालात संभालना मुश्किल हो रहा है। संडरलैंड में एक मस्जिद के बाहर भीड़ जुटकर प्रदर्शन करने लगी। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची तो भीड़ ने पथराव करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते भीड़ ने पुलिस स्टेशन को फूंक डाला। गाड़ियों को पलटकर आगजनी की। ऐसे में सवाल है कि ब्रिटेन का संडरलैंड इतना अशांत कैसे हो गया। क्यों भीड़ इतनी आक्रोशित नजर आ रही है? साउथपोर्ट में एक सामुदायिक केंद्र में हुई चाकू से हमले की घटना में आठ अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। घटना में घायल हुए दो वयस्कों की भी हालत गंभीर है। आरोपी किशोर का नाम सार्वजनिक कर दिया गया। साउथपोर्ट में हुए हमले के थोड़ी देर बाद ही 17 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था जिसका नाम एक्सेल मुगनवा रुदाकुबाना है। उसका जन्म वेल्स में हुआ था और और वह लंकाशायर के बैंक्स गांव का रहने वाला है। अदालत द्वारा प्रतिबंध हटाने के बाद उसका नाम सार्वजनिक किया गया है। सोशल मीडिया पर आरोपी के नाम को लेकर अफवाह साउथपोर्ट की पुलिस इस मामले में 17 साल के हमलावर को गिरफ्तार कर चुकी है। हमलावर के पास से चाकू भी बरामद किया गया। इस हमले को लोग ब्रिटेन में



बढ़ते कट्टरपंथ का परिणाम बता रहे हैं। इस घटना को आतंकवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस के मुताबिक इस घटना के पीछे कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। दरअसल सोशल मीडिया पर आरोपी के नाम को लेकर अफवाह फैलाई गई। घटना के बाद आरोपी की फोटो और झूठी पहचान सोशल मीडिया पर वायरल की गई। जिसके बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया। भीड़ मस्जिदों के बाहर जुटकर प्रदर्श कर रही है और नारेबाजी की जा रही है। पीएम ने की शांति की अपील कभी शांत के लिए माने जाने वाले शहर में ऐसे दंगे की आग भड़केगी किसी को उम्मीद नहीं थी। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने साउथपोर्ट में चाकूबाजी की घटना की निंदा करते हुए मामले में सख्त से सख्त एक्शन लेने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही इस मामले में राजनीति नहीं करने की अपील भी की है। अशांति के बीच राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हम इन गुंडों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए जो भी करना होगा, करेंगे। इंग्लैंड के उत्तरी शहर रॉदरहैम में पुलिस को दक्षिणपंथी दंगाइयों की भीड़ को रोकने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जो शरणार्थियों के एक होटल में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

# बांग्लादेश में जारी हिंसा, मंदिरों और घरों में तोड़ फोड़ के बाद अलर्ट पर भारत

रविवार को भी इस मामले पर बांग्लादेश में जमा करें हिंसा हुई है जिसमें 14 पुलिसकर्मी समेत कुल 100 लोग मारे गए हैं। इन हमलों में हिन्दू मंदिरों और हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया जा रहा है। हालात इतने गंभीर है की देश में इंटरनेट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में इन दिनों प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। शेख हसीना को पद से हटाने की मांग करते हुए अबतक देश में लगभग 100 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदर्शनकारी हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। रविवार को भी इस मामले पर बांग्लादेश में जमा करें हिंसा हुई है जिसमें 14 पुलिसकर्मी समेत कुल 100 लोग मारे गए हैं। इन हमलों में हिन्दू मंदिरों और हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया जा रहा है। हालात इतने गंभीर है की देश में इंटरनेट पर भी प्रतिबंधा लगाया गया है। पूरे बांग्लादेश में कर्फ्यू लगाया हुआ है।इन हमलों को देखते हुए भारत सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने लोगों से हिंसा प्रभावित जगहों पर यात्रा करने से मना किया है। बता दें कि बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। सरकारी एजेंसियों ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक', 'मैसेंजर', 'व्हॉट्सऐप' और 'इंस्टाग्राम' को बंद करने का आदेश दिया है। मोबाइल प्रदाताओं को 4जी इंटरनेट बंद करने का आदेश दिया गया है। बांग्लादेश में तीन दिन की छुट्टी इस बीच, प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं और उन्होंने जनता से ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने को कहा। उन्होंने कहा, "मैं देशवासियों से अपील करती हूं कि इन आतंकियों से सख्ती से निपटा जाए।" प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के सूत्रों के हवाले से अखबार ने खबर में बताया कि हसीना ने गणभवन में सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलाई।

बैठक में सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), बांग्लादेश सीमा गार्ड (बीजीबी) के प्रमुखों और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। देशभर में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने सोमवार, मंगलवार और बुधवार को तीन दिवसीय सामान्य अवकाश की घोषणा की है।

# भारत को मिली श्रीलंका के खिलाफ 32 रनों से हार, लगातार दूसरे मैच में रोहित ब्रिगेड रही फ्लाप




मेजबान श्रीलंका ने रोहित ब्रिगेड को 32 रन से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। जबकि भारतीय टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर ही पूरी टीम सिमट गई।भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला गया। जिसमें भारतीय टीम का फ्लॉप प्रदर्शन देखने को मिला। वहीं इस मैच में मेजबान श्रीलंका ने रोहित ब्रिगेड को 32 रन से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। जबकि भारतीय टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर ही पूरी टीम सिमट गई। इस दौरान श्रीलंका की तरफ से जेफरी वैंडर्से ने 6 विकेट झटके। साथ ही कप्तान चरिथ असलंका ने तीन विकेट अपने नाम किए। भारत की शुरुआत धमाकेदार रही, शुभमन गिल और रोहित शर्मा के बीच 97 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। कप्तान रोहित शर्मा 44 गेंद में 64 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल 35 और शिवम दुबे बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद विराट कोहली 19 गेंद में 14, श्रेयस अय्यर 9 गेंद में सात और केएल राहुल बिना खाता खोले ही आउट हो गए। शुरुआत में ही भारत के सभी 6 विकेट जेफरी वेंडरसे ने लिए। टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए अविष्का फर्नांडो ने 40 रन, कामिंदु मेंडिस ने 40 रन, दुनिथ वेलालागे ने 39 और कुसल मेंडिस ने 30 रन का योगदान दिया। श्रीलंकाई टीम छह विकेट पर 136 रन बनाकर जूझ रही थी लेकिन पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले वेलालागे और कामिंदु मेंडिस के बीच सातवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से इस स्कोर तक पहुंची। हालांकि श्रीलंका को पहला झटका तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने दिया जिन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर से फॉर्म में चल रहे पाथुम निसांका को विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। फिर अविष्का फर्नांडो (62 गेंद, पांच चौके) और कुसल मेंडिस (42 गेंद, तीन चौके) ने नयी गेंद पर दूसरे विकेट के लिए 74 रन की भागीदारी निभाई। लेकिन जब दोनों ओर से स्पिनरों ने गेंदबाजी शुरू की तो रन गति धीमी होने लगी। फिर ये दोनों सुंदर का शिकार बने। सदीरा समरविक्रमा इसके बाद अक्षर पटेल (38 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर विराट कोहली को कैच दे बैठे।

# रोहित शर्मा ने राहुल द्रविड़ का रिकार्ड किया ध्वस्त, वनडे में सबसे ज्यादा रन...



श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में रोहित शर्मा ने जैसे ही 2 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने राहुल द्रविड़ा को पछाड़ दिया है। रोहित अब वनडे फॉर्मेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। जहां पहले राहुल द्रविड़ थे।श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा का बल्ला जमकर बोल रहा है। पहले वनडे में भी रोहित के बल्ले से फिफ्टी निकली थी, वहीं अब दूसरे वनडे में भी उन्होंने 44 गेंदों में 64 रन की बेहतरीन पारी खेली। साथ ही इस मैच में रोहित ने 2 बनाए ही थे कि, इस दौरान उन्होंने पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का एक बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। दरअसल, श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में रोहित शर्मा ने जैसे ही 2 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने राहुल द्रविड़ा को पछाड़ दिया है। रोहित अब वनडे फॉर्मेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। जहां पहले राहुल द्रविड़ थे। फिलहाल, रोहित ने वनडे में भारत के लिए अब तक 10,831 रन बनाए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ ने अपने करियर में 10,768 रन बनाए। वनडे में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर कुल 18,426 रन के साथ टॉप पर काबिज हैं। जबकि दूसरे नंबर पर विराट कोहली 13,872 रनों के साथ हैं। वहीं सौरव गांगुली 11,221 रन के साथ तीसरे और चौथे नंबर पर रोहित आ गए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर राहुल द्रविड़ तो, छठे नंबर पर 10,599 रन के साथ पूर्व कप्तान एमएस धोनी हैं।

# रोहित शर्मा ने तोड़ा एमएस धोनी का रिकार्ड, सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले भारतीय कप्तान बने




भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पूर्व कप्तान एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, रोहित शर्मा सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। इस मुकाबले में उन्होंने 4 छक्के जड़े हैं।भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। जहां भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पूर्व कप्तान एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, रोहित शर्मा सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पहले भारतीय कप्तान बन गए हैं। इस मुकाबले में उन्होंने 4 छक्के जड़े हैं। वहीं रोहित शर्मा ने इस मैच में 29 गेंदों में अपना अर्धशतक छक्के के साथ ही पूरा किया। साथ ही ये हाफ सेंचुरी उनकी इस सीरीज की उनकी बैक टू बैक आई है। हिटमैन ने इस मैच में 44 गेंदों पर 4 छक्के और 5 चौकों के मदद से 64 रन की पारी खेली। पहले विकेट के लिए रोहित शर्मा ने इस मैच में शुभमन गिल के साथ 97 रन की अहम साझेदारी की। हालांकि, वो बाद में जेफ्री वांडर्से की गेंद पर कैच आउट हो गए। रोहित ने अपनी इस पारी में 4 छक्के लगाए और वो अब वनडे फॉर्मेट में भारत की तरफ से किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 4 छक्के लगाए और वो अब किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ रोहित ने इस मैच से पहले 43 छक्के लगाए थे, लेकिन इन 4 छक्कों के दम पर इस टीम के खिलाफ अब तक उन्होंने कुल 47 सिक्स जड़ दिए हैं। जबकि पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 43 छक्के जड़े थे, जिस कारण रोहित ने इस मामले में धोनी को पछाड़ दिया है। रोहित ने अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा इसके अलावा रोहित ने 4 छक्के जड़ कर धोनी के साथ अजहरुद्दीन का भी एक रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। बता दें कि, रोहित बतौर भारतीय कप्तान विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय कप्तानों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने अजहर को पछाड़ा है। फिलहाल, रोहित से पहले अभी सौरव गांगुली (82), एमएस धोनी (61) हैं।

# इस पूर्व खिलाड़ी ने किया बड़ा दावा, कहा– गौतम गंभीर ज्याद समय तक नहीं टिकेगा




गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच नियुक्त किए गए। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम किया। वहीं मौजूदा समय में भारत श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। लेकिन इस बीच गौतम गंभीर के टीम मेट रहे और पूर्व खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि गंभीर ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं टिक पाएंगे। गौतम गंभीर हाल ही में टीम इंडिया के हेड कोच नियुक्त किए गए। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम किया। वहीं मौजूदा समय में भारत श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। लेकिन इस बीच गौतम गंभीर के टीम मेट रहे और पूर्व खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि गंभीर ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं टिक पाएंगे। दरअसल, गौतम गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद राहुल द्रविड़ की जगह ली है। वहीं जोगिंदर शर्मा का मानना है कि गौतम गंभीर चापलूसी करने वाले इंसान नहीं हैं, साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि उनके कुछ फैसलों से खिलाड़ियों के साथ मन मुटाव हो सकते हैं। बता दें कि, शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चौनल पर जोगिदंर शर्मा ने गौतम गंभीर को लेकर कहा कि, गौतम गंभीर टीम को संभालने वाला है लेकिन मेरा ये मानना है कि गौतम गंभीर ज्यादा लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। क्योंकि गंभीर के अपने ही कुछ फैसले होते हैं। हो सकता है किसी खिलाड़ी से मन मुटाव हो जाए। मैं विराट कोहली की बात नहीं कर रहा हूं। गौतम गंभीर के फैसले कई बार ऐसे हो जाते हैं कि दूसरे को पसंद नहीं आते। उन्होंने आगे कहा, गौतम गंभीर सीधी बात करने वाला है। वो किसी के पास जाने वाला नहीं है। गौतम गंभीर चापलूसी करने वाला बंदा नहीं है। उसको क्रेडिट देने वाले हम लोग हैं। वो अपना काम करता है, सच्चे दिल ससे करता है, बड़ी ईमानदारी से करता है। गौतम गंभीर का भारतीय टीम के साथ बतौर हेड कोच कॉन्ट्रैक्ट वर्ल्ड कप 2027 तक का है। इस दौरान टीम इंडिया को 2025 चौंपियंस ट्रॉफी 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 वर्ल्ड कप जैसे तीन आईसीसी इवेंट खेलने हैं। इसके अलावा भारत आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल भी खेल सकता है।

# इस पूर्व खिलाड़ी ने किया बड़ा दावे पर मचा बवाल पूर्व खिलाड़ियों ने सुनाई खरी खोटी

टीम इंडिया के हेड कोच नियुक्त किए गए। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम किया। वहीं मौजूदा समय में भारत श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। लेकिन इस बीच गौतम गंभीर के टीम मेट रहे और पूर्व खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि गंभीर ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं टिक पाएंगे।गौतम गंभीर हाल ही में टीम इंडिया के हेड कोच नियुक्त किए गए। उनकी कोचिंग में टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम किया। वहीं मौजूदा समय में भारत श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। लेकिन इस बीच गौतम गंभीर के टीम मेट रहे और पूर्व खिलाड़ी जोगिंदर शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि गंभीर ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं टिक पाएंगे। दरअसल, गौतम गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद राहुल द्रविड़ की जगह ली है। वहीं जोगिंदर शर्मा का मानना है कि गौतम गंभीर चापलूसी करने वाले इंसान नहीं हैं, साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि उनके कुछ फैसलों से खिलाड़ियों के साथ मन मुटाव हो सकते हैं। बता दें कि, शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चौनल पर जोगिदंर शर्मा ने गौतम गंभीर को लेकर कहा कि, गौतम गंभीर टीम को संभालने वाला है लेकिन मेरा ये मानना है कि गौतम गंभीर ज्यादा लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। क्योंकि गंभीर के अपने ही कुछ फैसले होते हैं। हो सकता है किसी खिलाड़ी से मन मुटाव हो जाए। मैं विराट कोहली की बात नहीं कर रहा हूं। गौतम गंभीर के फैसले कई बार ऐसे हो जाते हैं कि दूसरे को पसंद नहीं आते। उन्होंने आगे कहा, गौतम गंभीर सीधी बात करने वाला है। वो किसी के पास जाने वाला नहीं है। गौतम गंभीर चापलूसी करने वाला बंदा नहीं है। उसको क्रेडिट देने वाले हम लोग हैं। वो अपना काम करता है, सच्चे दिल ससे करता है, बड़ी ईमानदारी से करता है। गौतम गंभीर का भारतीय टीम के साथ बतौर हेड कोच कॉन्ट्रैक्ट वर्ल्ड कप 2027 तक का है। इस दौरान टीम इंडिया को 2025 चौंपियंस ट्रॉफी 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 वर्ल्ड कप जैसे तीन आईसीसी इवेंट खेलने हैं। इसके अलावा भारत आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल भी खेल सकता है।

# 2025 के लिए आईसीसी ने उठाएगा बड़ा कदम, भारत के पाकिस्तान ना जाने पर

एक बड़ा संकेत मिला है कि पीसीबी को एशिया कप 2023 की तरह आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित करनी पड़ सकती है। यहां तक कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी भी इसके लिए तैयार है और आईसीसी ने इसके लिए बजट भी लगाया फाइनल कर लिया है।चौंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच खींचतान जारी है। वहीं इस विषय पर काफी चर्चा हो रही है। क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि भारतीय टीम पाकिस्तान आए, लेकिन भारतीय टीम किसी भी कीमत पर पाकिस्तान जाने के लिए तैयार नहीं है। इस बीच एक बड़ा संकेत मिला है कि पीसीबी को एशिया कप 2023 की तरह आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित करनी पड़ सकती है। यहां तक कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी भी इसके लिए तैयार है और आईसीसी ने इसके लिए बजट भी लगाया फाइनल कर लिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 65 मिलियन डॉलर यानी करीब साढ़े 500 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। इसमें ये बात भी बताई गई है कि अगर पाकिस्तान के बाहर मैच आयोजित किए जाएं तो इसी में से पैसे खर्च किए जाएंगे। 65 में से 20 मिलियन डॉलर इनामी राशि इस टूर्नामेंट में होगी। 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेले जाने वाले इस इवेंट के लिए पाकिस्तान में तैयारी हो रही है। हालांकि, भारत की भागीदारी या अनुपस्थिति के अहम मुद्दे पर आईसीसी एजीएम में ज्यादा चर्चा नहीं की गई, लेकिन किसी भी स्थिति के लिए एक आकस्मिक योजना बनाई गई है। बता दें कि, आईसीसी ने चौंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए लगभग 35 मिलियन डॉलर की राशि तय की है। इसके अलावा टूर्नामेंट में शामिल होने वाली टीमों और पुरस्कार राशि के लिए अतिरिक्त 20 मिलियन डॉलर खर्च होने हैं।





# महिलाओं के पास होनी चाहिए ये 5 तरह की स्कर्ट, सुंदरता के साथ मिलेगा आराम

फैशन की लगातार बदलती दुनिया में स्कर्ट हमेशा से महिलाओं के पहनावे का अहम हिस्सा रही हैं।यह एक बहुमुखी कपड़ा है, जिसे कई अलग–अलग तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है।इस साल के गर्मियों और बसंत के मौसम के फैशन में भी स्कर्ट पहनने के चलन ने जोरदार वापसी की है।अगर आप 2024 के फैशन रुझानों को अपनाते हुए सबसे खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो अपनी अलमारी में ये 5 तरह की स्कर्ट आज ही शामिल करें।

ए–लाइन स्कर्टए–लाइन स्कर्ट एक ऐसी स्कर्ट होती है, जो हर आउटफिट के साथ जचती है। इस स्कर्ट की लंबाई घुटनों तक होती है और यह कमर को पतला दिखाती है।आप इस स्कर्ट को पिकनिक, ऑफिस जाते समय या सेमी–फॉर्मल लुक पाने के लिए पहन सकती हैं।कमर को निखारने के लिए एक सुंदर ब्लाउज पहनें या एक फिट टॉप पहनें और उसे स्कर्ट में टक कर लें।आप इन 5 अन्य स्कर्ट को पहनकर भी सुंदर दिख सकती हैं।

मैक्सी स्कर्टमैक्सी स्कर्ट आराम और स्टाइल दोनों को दर्शाती हैं। यह स्कर्ट भारत की गर्मी में पहनने के लिए बिल्कुल सही है और यह बेहद हवादार भी होती है।आप त्योहार, समुद्र तट पर सैर करने, दोस्तों के साथ घूमने–फिरने या औपचारिक समारोहों में मैक्सी स्कर्ट को पहन सकती हैं।प्रिंटेड मैक्सी स्कर्ट को एक रंग वाले क्रॉप टॉप के साथ पहनें या बेल स्लीव वाले टॉप के साथ स्टाइल करें।

लहंगा स्कर्टहर भारतीय महिला को विशेष पारंपरिक अवसरों के लिए लहंगा स्कर्ट की जरूरत पड़ती ही है।इन स्कर्ट्स को बनाने के लिए सिल्क, बनारसी सिल्क आदि जैसे शाही और पारंपरिक फैब्रिक का इस्तेमाल किया जाता है।आप लहंगा स्कर्ट को शादियों, त्योहारों, पूजा या किसी भी सांस्कृतिक समारोह में पहनकर सबसे शानदार दिख सकती हैं।अपने लहंगे को समान प्रिंट वाले ब्लाउज और दुपट्टे के साथ स्टाइल करें और उसपर भारतीय जेवर भी पहनें।बोहो लुक वाली स्कर्टलंबी बोहो स्कर्ट हल्के



कपड़ों से बनी होती हैं और वॉल्यूम के साथ प्रिंट या पारदर्शी स्टाइल में उपलब्ध होती हैं।यह बेहद आरामदायक होती हैं और आपको एक खूबसूरत लुक भी प्रदान करती हैं।आप बोहो स्कर्ट को पारंपरिक पोशाक के तौर पर भी पहन सकती हैं और पश्चिमी तौर पर भी स्टाइल कर सकती हैं।बोहो प्रिंट वाली स्कर्ट को एक सफेद क्रॉप टॉप के साथ पहनें और उसपर भूरे रंग का पर्स भी लें।बांधने वाली स्कर्टइन दिनों महिलाओं के बीच बांधने वाली स्कर्ट का चलन है, जिन्हें रैप–अराउंड स्कर्ट भी कहते हैं। ये स्कर्ट आकर्षक और आरामदायक होती हैं, जो हर वजन की महिलाओं पर अच्छी लगती हैं।रैप स्कर्ट पहनने से आपकी कमर पतली और शानदार दिखेगी। साथ ही इससे आपको एक एलिगेंट लुक भी मिलेगा। इस स्कर्ट को आप शर्ट, क्रॉप टॉप या टैंक टॉप के साथ पहन सकती हैं।

# कफ सिरप में है विषाक्त पदार्थ का खतरा, खराश मिटाने के लिए अपनाएं ये प्राकर्तिक विकल्प


एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया है कि भारत की 100 से अधिक कफ सिरप में घातक विषाक्त पदार्थ मौजूद हैं।इनमें से कुछ में वही जहरीले पदार्थ मिले, जो गाम्बिया, कैमरून और उज्बेकिस्तान में 141 से अधिक बच्चों की मौत का कारण बने थे।सरकार ने कड़े विनिर्माण मानकों को लागू करने और नियामक निरीक्षण को बढ़ाने का फैसला किया है।गले की खराश को दूर करने और स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए ये 5 घरेलू नुस्खे आजमाएं।शहद खाने से मिलेगी राहत शहद एक प्राचीन जड़ी बूटी है, जो गले की खराश को शांत करने में प्रभावी मानी जाती है। अगर आपको खांसी की समस्या हो रही है तो एक चम्मच शहद का सेवन करें।यह गले को चिकना बना सकता है, जिससे खांसी से राहत मिल सकती है। आप इसमें भुनी हुई लौंग को मिलाकर इसे अधिक फायदेमंद और असरदार बना सकते हैं।हालांकि, बोटुलिज्म के खतरे के कारण एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शहद देने से बचें।गर्म पेय पदार्थों का करें सेवनगर्म पेय पदार्थ खांसी और



गले की खराश को मिटाने के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये हाइड्रेशन प्रदान करने में मदद करते हैं।गर्म पानी में नींबू और शहद डालकर पीने से गले की जलन शांत हो सकती है। साथ ही कैमोमाइल या पेपरमिंट जैसी हर्बल चाय भी खराश को दूर करने में सहायता कर सकती हैं।आप अदरक वाली गर्म चाय या कॉफी को डाइट में शामिल करके भी गले को राहत पहुंचा सकते हैं।नमक के पानी से गरारे करेंगले की खराश को दूर करने का एक सदियों पुराना नुस्खा है नमक के पानी से गरारे करना। इसकी मदद से गले में होने वाली सूजन और जलन भी आसानी से कम हो जाती है।इसके लिए आपको एक गिलास गर्म पानी लेना है और उसमें एक चम्मच नमक मिलाना है। अब इस पानी को मुंह में भरकर इससे 30 सेकंड तक गरारे करें, फिर थूक दें।आप नमक के पानी को पीकर भी गले को आराम दे सकते हैं। स्टीम लेने से मिलेगी मददकई बार गले और नाक में बलगम यानि कफ भर जाता है, जिसके कारण खासी और गले में दर्द होता है। इस समस्या के निवारण के लिए डॉक्टर स्टीम लेने की सलाह देते हैं।भाप लेने से बलगम को पतला करके जमाव को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है। अगर आपको कंजेशन है, तो एक कटोरी गर्म पानी से स्टीम लें।इसमें नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाने से प्रभाव बढ़ सकता है।घर में लगवाएं ह्यूमिडिफायरसूखी खांसी होने पर गले में जटिल दर्द उठता है और गला पूरी तरह से सूख जाता है।

# विदुथलाई पार्ट 2 से विजय सेतुपति का फर्स्ट लुक आउट, रोंगटे खड़े कर देगा एक्टर का खौफ

साउथ फिल्मों के दमदार एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म महाराजा से छाए हुए हैं. फिल्म महाराजा में उनके एक्टिंग और रोल को खूब तालियां मिल रही हैं. इस बीच क्राइम थ्रिलर फिल्म विदुथलाई (2023) के सीक्वल से भी एक्टर चर्चा में हैं. हाल ही में इस विदुथलाई पार्ट 2 पर अपडेट आया था. फिल्म विदुथलाई पार्ट 2 से विजय सेतुपति और मंजू वॉरियर का फर्स्ट लुक सामने आया है. विदुथलाई पार्ट 2 मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म से दो पोस्टर छोड़े हैं.वेत्रीमारन के निर्देशन में बनी फिल्म विदुथलाई पार्ट 2 की रिलीज डेट का खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन फिल्म से आए दो पोस्टर में फिल्म की लीड स्टारकास्ट की शानदार झलक देखने को मिल रही है. फिल्म के पहले पोस्टर में विजय सेतुपति का खूंखार अवतार देखने को मिल रही है. इस पोस्ट में विजय के हाथ में एक खंजर है और वह दहाड़ मारते दिख रहे हैं.



वहीं, दूसरी तस्वीर में विजय सेतुपति और मंजू वॉरियर एक रोमांटिक फोटो है, जिसमें वह एक साइकिल पर खड़े हैं.मेकर्स ने पोस्टर शेयर कर लिखा है, फिल्म की फाइनल स्टेज पर आपके लिए यह तोहफा है. यानि फिल्म अपनी मेकिंग के फाइनल टच पर है. आरएस इंफोटेनमेंट, एल्रेड कुमार, रेड जियांट मूवीज, ए ग्रासरूट फिल्म कंपनी प्रोड्क्शन्स की पेशकश फिल्म में संगीत के सरताज इलैयाराजा का संगीत होगा. फिल्म में एक्टर सूरी बतौर विलेन और विजय बतौर मेंटर के रोल में दिखेंगे. वहीं, बाकी की स्टारकास्ट में सूर्या सेतुपति, भवानी श्रे, राजीव मेनन, तामीझ और गौतम वासुदेव अहम रोल में दिखेंगे.बता दें, विदुथलाई बीती 31 मार्च 2023 को रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स की मानें तो 40 करोड़ रुपये में बनी फिल्म विदुथलाई ने वर्ल्डवाइड 55 करोड़ और इंडिया में 46.9 करोड़ कमाए थे.

## राम पोथिनेनिन की फिल्म डबल आईस्मार्ट का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज

उस्ताद राम पोथिनेनिन और डैशिंग डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की सनसनीखेज हिट आईस्मार्ट शंकर अपनी थिएटर रिलीज से पहले ही म्यूजिकल हिट बन गई थी। इसी तरह, इस घातक संयोजन में दूसरी फिल्म का एल्बम भी फिल्म की रिलीज से बहुत पहले ही चार्टबस्टर बन गया है। फिल्म डबल आईस्मार्ट जो आईस्मार्ट शंकर



की अगली कड़ी है, उसका संगीत मणि शर्मा ने दिया है, जिन्होंने एक और बड़े पैमाने पर अपील करने वाला फुटटैपिंग एल्बम बनाया है।पहले सिंगल स्टेप्पा मार को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। आज, फिल्म का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज किया गया। कसारला श्याम द्वारा लिखे गए गीत अनोखे हैं और एक विशिष्ट हैदराबादी स्लैंग का अनुसरण करते हैं। मणि शर्मा की रचना बहुत ही देशी लोक स्वाद की है जिसमें बहुत ऊँची बीट्स हैं। राहुल सिप्लीगुंज, धनुंजन सीपना और कीर्तना शर्मा की तिकड़ी ने गाने के लिए स्वर दिए हैं, और उनकी आवाजें गाने की ऊर्जा के साथ तालमेल बिठाती हैं। राम की ऊर्जा संक्रामक है और उनके नृत्य देखने लायक हैं। खास तौर पर हुक स्टेप, कुछ ही समय में लोकप्रिय हो जाएगा। राम के साथ थिरकने वाली काव्या थापर ने इस गाने में ग्लैमर का तड़का लगाया, जिसे जीवंत सेटों में जीवंत रूप से फिल्माया गया। पुरी कनेक्ट्स बैनर में पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर द्वारा निर्मित, इस फिल्म में संजय दत्त एक शक्तिशाली भूमिका में हैं और काव्या थापर राम के साथ मुख्य भूमिका में हैं। सैम के नायडू और गियानी गियानेली ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाली है, जो 15 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# नेटफ्लिक्स की राणा नायडू सीजन 2 की शूटिंग शुरू, अर्जुन रामपाल की हुई एक्शन मोड में एंट्री

साउथ सिनेमा के दो सुपरस्टार वेंकटेश और मेगा–ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में भल्लालदेव का रोल कर चुके एक्टर राणा दग्गुबती ने बीते साल (2023) अपनी ड्रामा सीरीज राणा नायडू से डिजिटल पर्दे पर धमाका मचा दिया था. राणा नायडू नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और ओटीटी के दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया था. राणा नायडू की सक्सेस के बाद से इसके सीजन 2 की चर्चा है. नेटफ्लिक्स ने अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज राणा नायडू के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है. साथ ही नेटफ्लिक्स ने एक दमदार वीडियो भी शेयर किया है. इस वीडियो से पता चलता है कि राणा नायडू सीजन 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है.राणा नायडू सीजन 2 की पहली झलक में सबसे पहले खून से सना एक क्रिकेट बैट दिखता है और इसके बाद राणा दग्गुबती हाथ में गन लिए शोट करते दिखत हैं. एक के सामने कैमरामैन भी दिख रहे हैं. इसके बाद वेंकटेश का सीन आता है, जिसमें वह एक रेसिंग गाड़ी पर दिख रहे हैं. आखिर में बड़े बाल, काला कुर्ता और उसपर गमछा फुल देसी स्टाइल में अर्जुन रामपाल हाथों में लंबी देसी बंदूक थामे निशाना लगाते दिख रहे हैं.राणा नायडू में वेंकटेश, राणा दग्गुबती, प्रिया बनर्जी, सुरवीन चावला, गौरव चोपड़ा, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, राजेश



जायस, आशिष विद्यार्थी को अहम रोल में देखा गया था. अब राणा नायडू 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है. नेटफ्लिक्स ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वेंकटेश, राणा दग्गुबाती और अर्जुन रामपाल को एक्शन मोड में देखा जा रहा है. इस सीरीज को सुपर्णा वर्मा, अभय चोपड़ा और करण अंशुमन बना रहे हैं. राणा नायडू के बारे में बता दें कि यह साल 2013 में आई अमेरिकन क्राइम टीवी सीरीज रे डोनोवन का ऑफिशियल अडेप्शन है. फिलहाल मेकर्स ने यह जानकारी नहीं दी है कि राणा नायडू सीजन 2 नेटफ्लिक्स पर कब तक स्ट्रीम होगी.

# तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही बैड न्यूज की कमाई को लगा तगड़ा झटका, लाखों में सिमटा कलेक्शन


विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म श्बैड न्यूज्य ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया. फिल्म ने रिलीज के दो हफ्तों में 50 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन भी किया. हालांकि इस दौरान फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी गई. वहीं अब श्बैड न्यूज्य रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच गई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

बैड न्यूज एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है. इस मूवी का कॉन्सेप्ट एक ही मां के होने वाले जुड़वां बच्चों के अलग–अलग बायोलॉजिकल पिता पर बेस्ड है. फिल्म की अलग कहानी और विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया. फिल्म को रिलीज के बाद क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला. वहीं इसे पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का भी काफी फायदा हुआ जिसके चलते फिल्म ने दो हफ्ते अच्छा कलेक्शन किया. हालांकि तीसरे हफ्ते में अब सिनेमाघरों में अजय देवगन की औरों में कहां दम था और जाह्नवी कपूर की उलझ भी रिलीज हो गई है. इन दोनों नई फिल्मों के आने से ऑडियंस भी बंट गई है जिसके चलते श्बैड न्यूज्य की कमाई पर भी काफी असर पड़ा है.वहीं बैड न्यूज्य के कलेक्शन कि बात करें तो फिल्म ने 8.3 करोड़ से खाता खोला था और पहले हफ्ते में 42.85 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई 66.98 फीसदी घटी और इसने 14.15 करोड़ रुपये कमाए. वहीं अब श्बैड न्यूज्य तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और इसकी रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्बैड न्यूज्य ने रिलीज के 15वें दिन महज 50 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ श्बैड न्यूज्य की 15 दिनों की कुल कमाई अब 57.50 करोड़ रुपये हो गई है. श्बैड न्यूज्य की कमाई तीसरे हफ्ते में आते ही जबरदस्त घट गई है. फिल्म के कलेक्शन को 15वे दि लेटेस्ट रिलीज औरों में कहां दम था और उलझ की वजह से तगड़ा झटका लगा है. जिसके चलते अभी तक करोड़ों में कमाई कर रही ये फिल्म लाखों में सिमट गई है. फिल्म के लिए 60 करोड़ का आंकड़ा छूने में ही पसीने छूट रहे हैं ऐसे में इसका 100 करोड़ के कल्ब में एंट्री करना नामुमकिन लग रहा है. अब देखने वाली बात होगी कि नई रिलीज फिल्मों के आगे बैड न्यूज्य की कमाई में वीकेंड पर तेजी आती है या नहीं.

# आईफा उत्सवम 2024 में लान्च होगा ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी स्टारर केडी–कालिदास का ट्रेलर

केडी–कालीदास का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आईफा उत्सव 2024 में लॉन्च होने वाला है। दो दिवसीय महोत्सव 6 और 7 सितंबर को अबू धाबी के यास द्वीप पर एतिहाद एरिना में आयोजित किया जाएगा।सुपरस्टार ध्रुव सरजा ने अपने सोशल मीडिया पर यह रोमांचक खबर साझा की, उन्होंने फिल्म का पोस्टर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 6 और 7 सितंबर को आईफा उत्सव 2024 में केडी–कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च के लिए तैयार हो जाइए, केवल अबू धाबी के यास द्वीप पर। अभी अपनी सीटें पकड़ें! आईफा उत्सव में विशेष ट्रेलर लॉन्च केडी–कालीदास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है, जो इसे इस साल के अंत में रिलीज होने से पहले वैश्विक दर्शकों को लुभाने का अवसर प्रदान करेगा।इस रोमांचक अवसर पर टिप्पणी करते हुए, केडी–कालीदास के लेखक और निर्देशक प्रेम ने अपना उत्साह व्यक्त कियारू मैं आईफा उत्सव समारोह के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर केडी–कालीदास के विशेष ट्रेलर लॉन्च का अनावरण करते हुए बेहद रोमांचित हूँ। इस फिल्म के निर्देशक और लेखक के रूप में, जो राम और रावण के सह–अस्तित्व के समान अच्छे और बुरे के द्वंद्व की खोज करती है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि केडी–कालीदास सिर्फ एक खूनी कहानी से कहीं बढ़कर है। इसमें एक रोमांटिक और नैतिक रेखा है। तैयार हो जाइए क्योंकि केडी–कालीदास एक ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर, एक शुद्ध दृश्य तमाशा होने का वादा करती है। केवीएन प्रोडक्शंस के तहत निर्मित, मुझे विश्वास है कि यह इस साल के अंत में सभी पाँच भाषाओंरू कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के कारण पूरे भारत में धूम मचा देगी।



इंतजार नहीं कर सकता! यह फिल्म पूरे भारत में धूम मचाने का वादा करती है, जो साल के सबसे रोमांचक सिनेमाई अनुभवों में से एक के लिए मंच तैयार करती है। इसमें ध्रुव सरजा मुख्य भूमिका में हैं और इसमें शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, रमेश अरविंद, संजय दत्त, नोरा फतेही और वी रविचंद्रन जैसे कलाकार शामिल हैं। प्रेम द्वारा लिखित और निर्देशित तथा केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह अखिल भारतीय परियोजना दर्शकों को 1970 के दशक के बैंगलोर की जीवंत सड़कों पर वापस ले जाएगी। ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित एक रोमांचक कहानी के साथ, फिल्म में एक्शन और पीरियड ड्रामा का मिश्रण है। यह एक अखिल भारतीय मनोरंजक फिल्म होगी जिसे तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

# औरों में कहां दम था पहले ही दिन हुई बाक्स आफिस पर ढेर, उलझ भी बेदम

बीते शुक्रवार को 2 चर्चित फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं। एक औरों में कहां दम था और दूसरी फिल्म उलझ।दोनों फिल्मों का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था और प्रचार भी खूब किया गया था। कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक प्रदर्शन करेंगी, लेकिन न तो दर्शकों ने फिल्मों की तारीफ की और ना समीक्षकों ने।अब इन दोनों फिल्मों के पहले दिन के कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, औरों में कहां दम था ने पहले दिन 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म की कमाई वीकेंड में थोड़ी बढ़ने की संभावना है, लेकिन बहुत उम्मीद करना भी बेमानी होगी, क्योंकि फिल्म की शुरुआत काफी खराब है।अजय देवगन और तब्बू जैसे सितारे होने के बावजूद पहले दिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। यह बीते कई सालों में अजय की सबसे कमजोर ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है।दूसरी ओर जाह्नवी की फिल्म उलझ ने पहले दिन महज 1.15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इस फिल्म के शोज में भी दर्शक नदारद ही दिखे हैं।शनिवार और रविवार का दिन इस फिल्म के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होंगे। ये 2 दिन फिल्म का भविष्य तय करेंगे।किसी भी फिल्म के लिए उसका ओपनिंग डे कलेक्शन काफी अहम होता है। हालांकि, पहले दिन उलझ और औरों में कहां दम था दोनों ही फेल हो गई हैं।उलझ में आदिल हुसैन, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू जैसे सितारे नजर आए हैं। इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया ने किया है। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी इतनी उलझी हुई है कि यह आपको पूरी तरह से उलझाकर रख देगी।उधर औरों में कहां दम था के निर्देशक नीरज पांडे हैं। इसमें जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु महेश्वरी जैसे कलाकारों ने भी काम किया है। इसकी कहानी को भी दर्शकों ने नकार दिया है। कुल मिलाकार दोनों ही फिल्मों ने पहले दिन निराश किया है। इनकी कुल कमाई से भी अधकि 4.25 करोड़ रुपये का कारोबार शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म डेडपूल एंड वुल्वरीन ने किया।साफ है कि औरों में कहां दम था और उलझ दोनों को ही पहले वीकेंड के बाद सोमवार से लाखों की कमाई से संतोष करना पड़ सकता है।उलझ का बजट 50 करोड़ तो औरों में कहां दम था का बजट करीब 140 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।



# ब्लैक रिवीलिंग आउटफिट पहन निकिता दत्ता ने लगाया ग्लैमर का तड़का, हाट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

एक्ट्रेस निकिता दत्ता आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड एंड ब्यूटिफुल लुक देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

कबीर सिंह फेम एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर लोग अपने होश खो बैठे हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने बेहद ही स्टाइलिश ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं।कानों में इयररिंग्स, खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

## मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं - प्रज्ञा जायसवाल

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल्?द ही अपकमिंग फिल्?म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब्?यू करने जा रही हैं। उन्?होंने कहा कि हमेशा उन्?होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों।मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है।

प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं।फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के



साथ काम कर रहीं अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए।प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग–अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं।खेल खेल में अक्षय कुमार, एमी विर्क, वाणी कपूर, तापसी पन्नू, फरदीन खान, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल हैं। यह बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 को टक्?कर देगी।टी–सीरीज फिल्म वकाउ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन खेल खेल में मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है।यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## राम पोथिनेनिन की फिल्म डबल आईस्मार्ट का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज

उस्ताद राम पोथिनेनिन और डैशिंग डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की सनसनीखेज हिट आईस्मार्ट शंकर अपनी थिएटर रिलीज से पहले ही म्यूजिकल हिट बन गई थी। इसी तरह, इस घातक संयोजन में दूसरी फिल्म का एल्बम भी फिल्म की रिलीज से बहुत पहले ही चार्टबस्टर बन गया है। फिल्म डबल आईस्मार्ट जो आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, उसका संगीत मणि शर्मा ने दिया है, जिन्होंने एक और बड़े पैमाने पर अपील करने वाला फुटटैपिंग एल्बम बनाया है। पहले सिंगल स्टेप्पा मार को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। आज, फिल्म का दूसरा सिंगल मार मुंथा छोड़ चिंता रिलीज किया गया।



कसारला श्याम द्वारा लिखे गए गीत अनोखे हैं और एक विशिष्ट हैदराबादी स्लैंग का अनुसरण करते हैं। मणि शर्मा की रचना बहुत ही देशी लोक स्वाद की है जिसमें बहुत ऊँची बीट्स हैं। राहुल सिप्लीगुंज, धनुंजन सीपना और कीर्तना शर्मा की तिकड़ी ने गाने के लिए स्वर दिए हैं, और उनकी आवाजें गाने की ऊर्जा के साथ तालमेल बिठाती हैं। राम की ऊर्जा संक्रामक है और उनके नृत्य देखने लायक हैं। खास तौर पर हुक स्टेप, कुछ ही समय में लोकप्रिय हो जाएगा। राम के साथ थिरकने वाली काव्या थापर ने इस गाने में ग्लैमर का तड़का लगाया, जिसे जीवंत सेटों में जीवंत रूप से फिल्माया गया। पुरी कनेक्ट्स बैनर में पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर द्वारा निर्मित, इस फिल्म में संजय दत्त एक शक्तिशाली भूमिका में हैं और काव्या थापर राम के साथ मुख्य भूमिका में हैं। सैम के नायडू और गियानी गियानेली ने फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाली है, जो 15 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## माई नेम ईज खान से लेकर क्वीन तक, काजोल की 5 बेहतरीन अदाकारी

काजोल बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली और प्रासंगिक अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री पिछले तीन दशकों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन समय के साथ चलती रही हैं और हर दशक में ऐसी अदाकारी करती रही हैं, जिसने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। काजोल बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली और प्रासंगिक अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री पिछले तीन दशकों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन समय के साथ चलती रही हैं और हर दशक में ऐसी अदाकारी करती रही हैं, जिसने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी और चुलबुले स्वभाव से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है।काजोल ने अपने करियर में कई ऐसी फिल्में की हैं, जो ब्लॉकबस्टर हिट रहीं। शाहरुख खान के साथ उनकी जोड़ी सबसे हिट मानी जाती है। गर्ल नेक्स्ट डोर से लेकर रोमांटिक कॉमेडी में विलेन के रोल तक, काजोल ने बेहतरीन काम किया है। आज 5 अगस्त को काजोल अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर हम आपको बता रहे हैं अभिनेत्री की 5 बेहतरीन अदाकारी जो आइकॉनिक बन गईं।इसे भी पढ़ेंरू अरमान मलिक हिंदू हैं या मुस्लिम?

# कुशीनगर हवाई अड्डे के विकास से क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी – शशांक मणि

ब्यूरो ब्यूरो देवरिया

देवरिया। लोकसभा के सांसद शशांक मणि और कुशीनगर के सांसद विजय दुबे के सहयोग से कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की संचालन गति बढ़ाने के लिए तेजी से प्रयास शुरु हो गए हैं। इस संबंध में देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से दिल्ली में विस्तृत चर्चा की और इस विकास के लिए एक विजन डाक्यूमेंट प्रस्तुत किया। इससे पहले कुशीनगर के सांसद विजय दुबे ने भी उड्डयन मंत्री से मुलाकात कर कुशीनगर एयरपोर्ट के संचालन में गति लाने पर चर्चा की थी। शशांक मणि ने एयरपोर्ट संचालन के लिए एक रुपरेखा भी तैयार की है जिसमें एयरपोर्ट की आवश्यकता और उससे क्षेत्र में होने वाले आर्थिक लाभ को विस्तार से दर्शाया है। श्री मणि ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इस एयरपोर्ट से देवरिया और कुशीनगर के साथ अन्य जिले सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। एयरपोर्ट के त्वरित संचालन के लिए रिपोर्ट में 4 चरण को महत्वपूर्ण बताया है जिसमें पहला चरण घरेलू उड़ानों के लिए है, दूसरे चरण में सैलानियों के



आवागमन के लिए सबके प्रयास पर बल दिया है और तीसरा चरण स्थानीय यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर है, और चौथे चरण में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मालवाहक विभानों के संचालन को महत्वपूर्ण बताया है। रिपोर्ट में कुशीनगर एयरपोर्ट के संचालन से पर्यटन विकास की संभावनाएं भी जताई गई हैं। श्री मणि का कहना है कि कुशीनगर और आसपास के क्षेत्रों में कई आकर्षण के केंद्र हैं जिसमें भगवान बुद्ध की स्थली, फाजिलनगर में पावानगर, नारायणी दर्शन, देवरही मां, देवरहा बाबा समेत कई स्थान हैं, इसलिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सुधार की जरुरत है। साथ ही पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन बोर्ड की भूमिका पर जोर दिया है। रिपोर्ट में एक पर्यटन सर्किट का भी जिक्र किया गया है जो नेपाल के चितवन से शुरु होकर नारायणी नदी के माध्यम से तमकुहीराज तक आता है। यह एक ऐसा पर्यटन सर्किट है जिसमें कुशीनगर एयरपोर्ट की बड़ी भूमिका होगी। श्री मणि ने अपनी रिपोर्ट में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए कुशीनगर एयरपोर्ट को सबसे महत्वपूर्ण बताया है। कुशीनगर एयरपोर्ट से ज्यादातर दुबई, सऊदी, मस्कट, सिंगापुर, बैंकॉक, मलेशिया के लिए विशेष उड़ानें हो सकती हैं बाद में चीन, जापान, कोरिया की उड़ानों के बारे भी सोचा जा सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय माल वाहक विमानों का संचालन भी काफी फायदेमंद होगा क्योंकि कुशीनगर–देवरिया के आसपास के क्षेत्र कृषि उपज में काफी समृद्ध हैं, कई फसलें ऐसी होती हैं जो जल्द खराब हो जाती हैं ऐसी फसलों को बाहर निर्यात करने के लिए हवाई परिवहन सबसे अच्छा तरीका होगा। श्री मणि का लक्ष्य है कि कुशीनगर देवरिया और आसपास के क्षेत्र को आगे इलेक्ट्रॉनिक निर्यात हब बनाया जाए। इसके साथ ही तमकुहीराज के नारायणी नदी पर भविष्य में बंदरगाह का निर्माण, भारी माल के लिए सेवरही स्टेशन और देवरिया में गति शक्ति टर्मिनल के माध्यम से रेलवे प्रणाली को मजबूत करने से एयरपोर्ट की भूमिका बढ़ेगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को तकनीकी सुधार करने का सुझाव दिया है जिसमें ऑल वेदर रडार सिस्टम, अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर, 24 घंटे उड़ान के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन जैसी कमियां दूर करने की बात कही है। सबके प्रयास से देवरिया के सांसद शंशाक मणि और कुशीनगर के सांसद विजय दुबे एयरपोर्ट के विस्तार के साथ आधुनिकीकरण की संभावनाओं को लेकर संकल्पित हैं।

# पुरानियों ने याद किये पुराने दिन, नयों को दिए टिप्स

## सी एम पी कालेज में पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय में आज पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास और आगामी परियोजनाओं की रूप रेखा से अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के. पी. ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिन्हा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के उन्नति में सभी को सहभागी बनने का आह्वान किया।तदुपरांत एलुमनी एसोसिएशन सी. एम. पी. कॉलेज के अध्यक्ष एवं 1956 बैच के स्नातक प्रो. के के भूटानी ने अपने उद्बोधन में छात्र जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि सी.एम.पी. महाविद्यालय ने ही उनके उतरोतर विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

मुख्य अतिथि जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद,

ने अपने महाविद्यालय में बिताए गए दिनों को याद किया। गेस्ट ऑफ ऑनर जस्टिस सुरेन्द्र सिंह, पूर्व, जज, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने अपने समय को याद करते हुए 1980 के दशक के महाविद्यालय की परिस्तिथियों को रखा। उन्होंने छात्र और महाविद्यालय के विकास में स्पोर्ट्स की भूमिका को रेखांकित किया।प्रो. राम किशोर शास्त्री, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद ने कहा की मैं जो भी आज हूं उसका पूरा श्रेय महाविद्यालय को जाता है। वरिष्ठ एडवोकेट विद्या भूषण उपाध्याय, छात्र संघ, सी. एम. पी. के प्रथम अध्यक्ष,1962 ने अपने समय को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने छात्र– शिक्षक संबंध को पारिवारिक बनाने पर जोड़ दिया। डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य, सी. एम. पी., कॉलेज, प्रो. रविन्द्र धर, पदार्थ विज्ञान इलाहाबाद विश्वविद्याल, प्रो. प्रकाश सिन्हा, प्राचीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो . संदीप मल्होत्रा, प्राणी विज्ञान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय मशहूर कवि श्लेष गौतम, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, रघुनाथ द्विवेदी इत्यादि ने भी अपने स्मृतियों को साझा किया।कार्यक्रम के दौरान

पुरा छात्रों को प्राचार्य के द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वार एलुमनी से जुड़े स्मृति को सहजने की लिए एक पुरा छात्र गैलरी का उदघाटन किया गया। ज्ञात हो कि सी. एम. पी. महाविद्यालय की स्थापना सन 1950 में हुआ था और महाविद्यालय सत्र 2024–2025 को हीरक जयंती के रूप में मना रहा है। सम्मेलन में 1956 से लेकर हाल के वर्ष तक के पुरा छात्र देश के विभिन्न भागों से शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र श्रीवास्तव, महासचिव, सी एम पी कॉलेज एलुमनी वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ. ऋतु रघुवंशी ने किया। इस मौके पर सौ से ज्यादा पूर्व छात्र , महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विशाल श्रीवास्तव एवं डॉ. रमेश भारती का विशेष योगदान रहा।

# वकील से आनलाइन ठगी, पुलिस बनकर किया कॉल

## बेटे को रेप मामले में अरेस्ट बता कर मांगे 20 हजार, कराया ट्रांसफर

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक वकील से 20 हजार की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। वकील के पास साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर कॉल की। बताया कि इंजीनियरिंग कर रहा उनका बेटा रेप केस में फंसा है। उनके तीन दोस्त जेल चले गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवकुटी के आजाद नगर रसूलाबाद के रहने वाले वकील हरेंद्र द्विवेदी को शातिरों ने वकील को फोन पर रोने की आवाज सुनाई। कहा कि आपका बेटा रो रहा है। जल्दी से रुपए भेजिये। वकील ने जल्दबाजी में 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए। तो और रुपए की डिमांड होने लगी। वकील ने पुलिस और बैंक वालों को फोन किया तो शातिरों ने नंबर बंद कर दिया। शिवकुटी पुलिस मामले की जांच कर रही है।हाईकोर्ट वकील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पास वॉट्सऐप नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम उप निरीक्षक विजय कुमार बताया। कहा कि आपके बेटे आदित्य को बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से पकड़ लिया गया है। रेप के मामले में 3 छात्रों को जेल भेजा गया है। उन्हीं लड़कों ने आपके बेटे का नाम बताया है। आदित्य भी घटना में शामिल है। वकील ने विरोध किया तो कहा गया कि लीजिए अपने बेटे से बात करिये। वकील ने पुलिस का बताया कि फोन पर एक लड़के रोने की आवाज आ रही थी। यह आवाज हूबहू उनके बेटे की लगी। बेटे से कई बार बात कराया गया। इसके बाद कहा गया कि तत्काल 20 हजार रुपए अकाउंट में डालिये। उन्होंने पुलिस को बताया कि 20 हजार रुपए अकाउंट में डालने के बाद एसआई ने कहा कि अधिकारी नहीं मान रहे हैं। इसलिए और रुपए ट्रांसफर करने होंगे। जो अकाउंट नंबर दिया गया वह किसी जमशेद अंसारी के नाम पर था। 20 हजार रुपए डालने की रसीद भी फोन पर मांगी गई। इसके बाद और रुपए की डिमांड होने लगी। अंत में उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो फोन बंद हो गया। शिवकुटी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# निहारिका वेंचर्स के एमडी अभिषेक ने रिमांड पर बताया–पत्नी ने बेटे को जन्म दिया

## 400 करोड़ की ठगी के मामले में है अभिषेक गिरफ्तार, पत्नी फरार

प्रयागराज(आरएनएस)। 400 करोड़ की ठगी कर प्रदेश के हाईप्रोफाइल लोगों को चूना लगाने वाला कंपनी का एमडी अभिषेक द्विवेदी पुलिस रिमांड पर है। रविवार को प्रयागराज के शिवकुटी थाने की पुलिस ने अभिषेक द्विवेदी को नैनी सेंट्रल जेल से रिमांड पर ले लिया। पहले थाने लाकर उससे पूछताछ हुई। अब उसे उसके आवास पर ले जाया गया है। अभिषेक से सबसे अहम सवाल यही रहा कि उसकी फरार पत्नी निहारिका कहां है, क्योंकि निहारिका की तलाश में दो टीमें गोरखपुर, बस्ती आदि जिलों में भटक रही हैं।

पुलिस को पूछताछ में फरार निहारिका के बारे में अहम जानकारी मिली है। अभिषेक ने पुलिस को इतना बताया कि 2 दिन पहले ही उसकी पत्नी मां बनी है। किसी अस्पताल में उसने बेटे को जन्म दिया है। अभी वह ज्यादा बीमार है। ठीक होते ही वह खुद पुलिस के सामने पेश हो जाएगी। कहा जा रहा है कि फरारी के दौरान ही निहारिका गर्भवती थी। हालांकि अभिषेक ने पुलिस को उस जिले और अस्पताल का नाम नहीं बताया है। उसका कहना है कि उसे बेटा होने की बात बताई गई है जो उसने पुलिस को बता दिया।

निहारिका वेंचर्स लिमिटेड कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी की 17 घंटे की रिमांड पुलिस को मिली है। शिवकुटी थाने में पूछताछ के बाद अभिषेक को गोविंदपुर उसके घर ले जाया गया है। वहां बैंक खातों के साथ ही कंपनी से जुड़े दस्तावेज निकाले जा रहे हैं।

बताते हैं कि जिन 14 बैंक अकाउंट को पुलिस ने फ्रीज कराया था। उसके अलावा भी कई बैंक खातों की जानकारी घर से मिली है। पुलिस को कई चेक बुक मिली है। एक दो बैंक के लॉकरों का भी पता चला है। इन्हीं बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है।

एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया कि अभी तो पूछताछ की शुरुआत हुई है। हालांकि अभिषेक इतना शातिर है कि वह पुरानी बातों की ही रट लगाए है। उससे जानकारी हासिल की जा रही है। ज्ञात हो कि प्रयागराज पुलिस ने डेढ़ महीने से फरार चल रहे 400 करोड़ की ठगी के आरोपी अभिषेक द्विवेदी को 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अभी उसकी पत्नी निहारिका फरार है। हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार निहारिका वेंचर्स के एमडी और उसके दोस्त को प्रयागराज लाया गया था। उस समय पूछताछ में साफ हुआ था कि इन्वेस्टमेंट कंपनी चला रहे पति–पत्नी ने प्रयागराज के कई बड़े वकीलों और डॉक्टरों के करीब 15–15 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करवा रखे हैं।

# संजीवनी चिकित्सालय, शक्तिनगर ने उठाई डेंगू और मलेरिया बुखार के खिलाफ सशक्त पहल

सोनभद्र(आरएनएस)। एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित संजीवनी चिकित्सालय में डेंगू व मलेरिया बुखार की रोकथाम एवं नियंत्रण मुहिम का सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रेम नाथ, एसोसिएट चीफ मेडिकल ऑफिसर्स (एसीएमओ) संकाय, सोनभद्र एवं धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव, मलेरिया नियंत्रण अधिकारी ने डेंगू और मलेरिया जैसे महामारीयों से बचने के उपाय और ऐसी जानलेवा बीमारियों का संक्रमण करने वाले मच्छरों के विनाश, बचाव व सुरक्षा के मार्ग साझा किए। सेमिनार में उपस्थित संजीवनी चिकित्सालय के वरिष्ठ डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स, संविदा कर्मी, कर्मचारियों, स्थानीय विद्यालयों व कॉलेज के प्राचार्यगण को डॉ प्रेम नाथ, एसीएमओ, सोनभद्र ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा की हम सभी घरेलू स्थानों में गंदगी ना करें तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक करें, जिससे डेंगू व मलेरिया मच्छर और उनके जीवनकाल को छोटा किया जा सके। पानी के भंडारण स्थलों को साफ और सुरक्षित रखें ताकि मच्छरों का बढ़ावा न हो। मच्छरों से बचने के लिए अपने आसपास के क्षेत्रों में एंटी–मच्छर दवाओं का प्रयोग करें। बुखार, उल्टी, थकान या पेट दर्द हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में डॉ ब्रिजलाल, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, संजीवनी चिकित्सालय ने सोनभद्र से पधारे हुए डेंगु व मलेरिया नियंत्रण अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा सेमिनार में उपस्थित सभी जनों को संबोधित करते हुए कहा की इस लड़ाई में हम सबको साथ मिलकर काम करना होगा। ये बीमारियां गंभीर हो सकती हैं और उनकी रोकथाम में प्रत्येक जन समुदाय का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# 25 करोड़ भुगतान की मांग को लेकर प्रधानों ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

मीरजापुर(आरएनएस)। लंबे समय से अधर में लटके भुगतान की खातिर परेशान ग्राम प्रधानों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन से जुड़े हुए ग्राम प्रधानों ने मिर्जापुर जिले के प्रधानों की विभिन्न समस्याओं सहित करोड़ों के भुगतान का मुद्दा उठाया। इस दौरान प्रधानों ने प्रभारी जिलाधिकारी सीडीओ विशाल कुमार को ज्ञापन देकर वित्तीय वर्ष 2023–24 के बकाया 25 करोड़ के भुगतान की मांग किया। प्रधानों का कहना है कि हाल ही में वाराणसी जनपद को 24 करोड़ध का भुगतान कर दिया गया, जबकि जनपद मिर्जापुर का कोई भुगतान नही किया गया। जिससे सभी प्रधान परेशान है। पैसे के भुगतान के लिए मैटीरियल सप्लाई करने फर्म भी दबाव बना रही है।

# प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को शासन के निर्देशानुसार थाना समाधान दिवस के आयोजन हेतु रोस्टर जारी

सोनीाद्र(आरएनएस)। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) के निर्देशानुसार सभी थाना कार्यालयों पर माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पूर्व की भाँति थाना दिवसध्समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, थाना समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक किया जायेगा, तत्क्रम में निर्धारित थाना समाधान दिवस आयोजन पर सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस कर्मी तथा वन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, नगरीय क्षेत्र हेतु नगर पालिकाध्नगर निकाय व ग्रामीण क्षेत्र हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास कार्यालय के सक्षम अधिकारीध कार्मिक थाने पर उपस्थित रहेंगे,

थाने पर उपस्थित अधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों की विधिवत सुनवाई की जायेगी तथा शिकायत की प्रकृति के अनुसार पुलिस अथवा राजस्व अथवा संयुक्त रुप से पुलिसध्राजस्वध्अन्य विभागीय कर्मियों को निर्देश दिये जाएंगे, निस्तारित प्रत्येक मामलों की प्रविष्टि जी0डी0 में की जायेगी ताकि भविष्य में उसी शिकायत के पुनः प्राप्त होने पर उक्त प्रविष्टि के आधार पर वैधानिक कार्यवाही किया जा सके, जिन प्रकरणों का निस्तारण थाना दिवस पर नहीं हो पाता है, उन प्रकरणों को आगामी थाना दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में प्रस्तुत किया जायेगा। थानाध्यक्ष बीट रजिस्टर भूमि विवाद रजिस्टर में अंकित प्रकरणों को भी 02 बजे के बाद टीम भेज कर निस्तारण करायेंगे, सभी उप जिलाधिकारी तहसील क्षेत्र के समस्त गाँवों में विवाद का चिन्हांकन कर लें तथा उन्हें समाधान दिवस, तहसील दिवस में उपस्थित संबंधित विभाग के साथ अपेक्षित पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए समुचित व शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। जनसामान्य की सुविधा एवं उनके शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रत्येक थाना दिवस पर एक राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी,

उन्होंने बताया कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में अंकित किया जाएगा एवं निस्तारण के तिथि का उल्लेख करते हुए कृत्त कार्यवाही का सारांश अंकित किया जाएगा, जिसकी समीक्षा अगले समाधान दिवस पर की जाएगी, इन अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाएगा, नामित अधिकारी पूर्वान्ह 10 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक थानों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे, जिन अधिकारियों को दो थानों हेतु नामित किया गया है, वह अधिकारी आवश्यकतानुसार विशिष्ट परिस्थिति में अपवाद के रूप में किसी विशिष्ट शनिवार को उनको आवंटित दूसरे थाने पर जा सकते हैं, उप जिलाधिकारीध्पुलिस क्षेत्राधिकारी आवश्यकतानुसार अपनी तहसील के अन्य थाने भी चेक कर सकते हैं। थाना दिवस के सफल आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) तथा अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय व अपर पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन निर्धारित रोस्टर के अनुसार नोडलध पर्यवेक्षण अधिकारी होंगे,

पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा निर्धारित थाना दिवस पर आकस्मिक रूप से थानों का निरीक्षण

करते हुए प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष निस्तारण प्रगति की समीक्षा करते हुए उनका गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा, उन्होंने बताया

कि शासन जनसमस्याओं एवं शिकायतों के सयमबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संकल्पबद्ध है, शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए समस्त अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगें।

# गैंगस्टर एक्ट–दोषी गैंग लीडर समेत दो को 2–2 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र(आरएनएस)। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर लालचंद बिंद व सक्रिय गैंग सदस्य मनीलाल बिंद को 2–2 वर्ष की कठोर कैद एवं 5–5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक–एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक जटा शंकर प्रसाद ने बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 3 अगस्त 2000 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि लालचंद बिंद पुत्र रामलखन निवासी मुई, थाना हड़िया, जिला इलाहाबाद का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इसके अलावा गैंग का सक्रिय सदस्य मनीलाल बिंद पुत्र रामलखन निवासी बख्तियारा, थाना हड़िया, जिला इलाहाबाद के साथ अन्य सदस्य शामिल हैं। ये पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक का टायर चोरी करने की योजना बना रहे हैं। इनके विरुद्ध चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 3 अगस्त 2000 को बीजपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में गैंग लीडर लालचंद बिंद एवं सक्रिय सदस्य मनीलाल बिंद के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर लालचंद बिंद और सक्रिय सदस्य मनीलाल बिंद को 2–2 वर्ष की कठोर कैद एवं 5–5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक–एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता गैंगस्टर कोर्ट धनंजय शुक्ला ने बहस की।

# चोरी की बैटरी के साथ दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

राजगढ़, मीरजापुर(आरएनएस) राजगढ़ पुलिस द्वारा सोमवार को चोरी की दो बैटरी के साथ दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। राजगढ़ थानाध्यक्ष अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा रात्रि में गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम विशुनपुरा के पास से चन्द्रभान उर्फ रामापति उर्फ छोटक पासवान पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम कर्की थाना करमा, सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। मौके से चोरी की दो बैटरी हाई पावर तथा एक मोटरसाइकिल वाहन को बरामद किया गया।

# जैविक, प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती के प्रशिक्षण के लिए 54 किसानों का दल प्रयागराज रवाना

मीरजापुर(आरएनएस)। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु मीरजापुर के 54 कृषकों को अमरावती चौराहा, विन्ध्याचल से विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, संयुक्त कृषि निदेशक अशोक उपाध्याय, उप कृषि निदेशक विकेश कुमार की उपस्थित में हरी झण्डी दिखा कर बस को सैम हिग्गिनबाटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी, प्रयागराज हेतु रवाना किया। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत छः विकास खण्ड यथा–सिटी, कोन, छानबे, लालगंज, हलिया व पहाड़ी से 9–9 कुल 54 कृषकों को रवाना किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को किसानों की आय दोगुनी करने की रणनीति, एकीकृत फसल प्रबन्धन, कृषि विविधिकरण, पशुपालन, उद्यान, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं टिकाऊ खेती पर प्रशिक्षित किया जायेगा। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण में प्रथम दिवस में मृदा परीक्षण व मृदा में उर्वरता में महत्व व उद्यमिता विकास में फसलों का महत्व तथा विश्वविद्यालय के फसल अनुसंधान प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया जायेगा।

# घनी आबादी के बीच मगरमच्छ आने से मचा हड़कंप

## वन विभाग ने रेस्क्यू कर डैम में छोड़ा, लोगों नें ली राहत की सांस

बीजपुर सोनभद्र(आरएनएस)। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजपुर के पुनर्वास प्रथम स्थित लाले केवट के घर के सामने रविवार रात एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से रहवासियों में हड़कम्प मच गया।जानकारी के अनुसार तीन दिन हुई लगातार बारिश में मगरमच्छ कही से भटक कर बस्ती में आ गया था जिसे देखते ही आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। गाँव के महेश गुप्ता ने इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी जरहा राजेश सिंह को दी सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुँची वन विभाग की एक्सपर्ट टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने की जुगत में लग गयी और थोड़ी ही देर में लकड़ी बांस बल्ली की मदत से सतर्कता पूर्वक लगभग सात फिट लंबे मगरमच्छ को कब्जे में कर लिया।पकड़े गए मगरमच्छ को टीम ने सुरक्षित ढंग से रिहंद जलाशय में ले जाकर छोड़ दिया।मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली वही रात्रि में कड़ी मशक्कत कर पकड़ने वाली टीम में रेंजर राजेश सिंह,फारेस्टर लवलेश सिंह सहित तमाम वनकर्मी ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।वन विभाग के इस साहसिक कार्य के लिए लोग खूब प्रशंसा कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।